दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...
दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित

● नई दिल्ली। गुरुवार 27 मार्च-2025 | ● वर्ष: 10 अंक: 95 पेज-08 | ● RNI NO. DELHIN/2015/65364 | ● मूल्य: ₹3







'स्पीकर ओम बिरला ने मुझे चुप कराया', भड़के कांग्रेस सांसद एवं नेता विपक्ष

## संसद में हमें बोलने नहीं दिया जाता : राहुल गांधी





**नई दिल्ली।** कांग्रेस सांसद और नेता विपक्ष राहुल गांधी ने गंभीर आरोप लगाते हुए कहा है कि वो जब भी सदन में कुछ भी बोलने के लिए खड़े होते हैं तो उनको बोलने नहीं दिया जाता है। उन्होंने ये बात तब कही, जब सदन में राहुल बोलने के लिए खड़े हुए थे और कार्यवाही को स्थगित कर दिया गया था।

**राहुल ने क्या आरोप लगाया ? :** लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने सदन में राहुल गांधी को नियमों का पालन करने की नसीहत दी थी। इस नसीहत पर राहुल गांधी कुछ बोलना चाहते थे इसलिए वो खड़े हुए थे, तभी सदन की कार्यवाही ही स्थगित कर दी गई।

सूत्रों के मुताबिक, सदन के अंदर राहुल गांधी अपनी बात नहीं बोल पाए थे। इसके बाद राहुल ने बाहर आकर मीडिया से बात की और कहा कि उन्हें बोलने नहीं दिया गया। इससे पहले ओम बिरला ने राहुल गांधी को सदन के आचरण और मयार्दा का पालन करने के लिए कहा था। उन्होंने कहा था कि ऐसी कुछ घटनाएं आई है जो कि सदन के लिहाज से ठीक नहीं थी, लिहाजा सदन की गरिमा का पलन करें।

**क्या बोले थे ओम बिरला ? :** लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा था, आप सभी से अपेक्षा की जाती है कि आप सदन में सदन की मयार्दा और शालीनता की उच्च मानदंडों को बनाए रखें। सदन में मेरे संज्ञान में ऐसी कई घटना है, यह सदस्य और उनके आचरण, सदन की उच्च परंपरा के अनुरूप नहीं है। उन्होंने आगे कहा था, ₹इस सदन में पिता-पुत्री, मां-बेटी और पति-पत्नी सदस्य रहे हैं। इस परिपेक्ष में मेरी नेता प्रतिपक्ष से यह अपेक्षा है कि लोकसभा प्रक्रिया का 349 के तहत सदन में आचरण और व्यवहार करें।

संबंधित खबर, पृष्ठ 2

## किस की तमन्ना है कि उसे मिले भाजपा महिला मोर्चा की कमान
## कौन चाहती है मिले इस बार महानगर की मेन टीम में स्थान



**गाजियाबाद करंट क्राइम।** एक लंबे इंतजार के बार आखिरकार गाजियाबाद जैसे भगवागढ़ में महानगर अध्यक्ष की घोषणा हो गई। घोषणा अध्यक्ष पद की हुई है और बिसात मोर्चों से लेकर प्रमुख टीम में स्थान पाने के लिए बिछ चुकी है। स्वयं महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल ये कह चुके हैं कि विभिन्न मोर्चों में, प्रकोष्ठों में दो हजार से अधिक कार्यकर्ताओं का समायोजन होगा। वहीं भाजपा के सूत्र इस बात का संकेत दे चुके हैं कि अभी इंतजार और कहरना होगा। वो दो महीने का संकेत दे रहे हैं और भाजपा से जुडे सूत्र बता रहे हैं कि इसमें तीन महीने लगेंगे। लेकिन राजनीति में जिसे भी एडजस्ट होना है वो केवल टीम घोषित होने के भरोसे नहीं है। सूत्र बताते हैं कि सभी ने अपनी अपनी फिल्डिंग ध्वज प्रणाम वालों से लेकर संभावित संगठन वालों के यहां लगा दी है। इस बार जो मोर्चा राजनीति में खुलना है वो मोर्चा भाजपा की महिला राजनीति से भी खुल सकता है। सूत्र बताते हैं कि भाजपा की महिला राजनीति में भी समर्पित और कर्मठ कार्यकर्ता हैं। इनमें से कई महिला कार्यकर्ता ऐसी हैं जिनका अपना सियासी ट्रेक रिकार्ड है। उन्होंने पार्टी के लिए विभिन्न आंदोलनों में हिस्सा लिया है। उनकी वरिष्ठता का अपना एक क्रम है। भाजपा सूत्र बता रहे हैं कि भाजपा महिला मोर्चा में ताजपोशी को लेकर मोर्चा खुल सकता है। यहां सभी ने अपने अपने स्तर से फिल्डिंग लगाई है। भाजपा की दो दावेदार ऐसी हैं जिनकी ये तमन्ना है कि उन्हें महिला मोर्चा की कमान मिले। उन्होंने जहां भी अपनी सिफारिश के लिए पैगाम पहुंचाया है, वहां उन्होंने ये भी बताया है कि इस बार समीकरण पर पुर्नविचार होना चाहिए। किसी को लगता है कि अगर मुख्य टीम में जनरल समीकरण है तो महिला मोर्चा में ओबीसी फैक्टर आना चाहिए। एक वर्ग का मानना है कि ठाकुर बिरादरी को यहां सम्मान देकर बहुत कुछ साधा जा सकता है। बहरहाल समीकरण के गुणा भाग में महिला मोर्चा की कमान को लेकर सभी ने अपने अपने तीर और कमान संभाल लिये हैं। बड़े दरवाजों पर दस्तक दी जा रही है।

अपने अपने पैरोकारों के जरिए संदेश पहुंचाये जा रहे हैं। वहीं भाजपा की महिला राजनीति में एक लड़ाई मुख्य टीम में आने को लेकर भी है। ये लड़ाई महिला राजनीति को मुख्य धारा में लाने की है। भाजपा के महिला राजनीति के तीन चेहरे ये चाहते हैं कि अब उनका भी समायोजन महानगर वाली मेन टीम में किया जाये। सियासी हसरत तो महामंत्री की है और यहां समायोजन के लिए उपाध्यक्ष और मंत्री पद के दावेदार भी बैठे हैं। सूत्र बताते हैं कि इस बार ताजपोशी को लेकर वैसे तो सभी मोर्चे एक्टिव हैं लेकिन यहां इंटरनल मोर्चा मातृशक्ति की ओर से खुलेगा।

अगर सूत्रों की बातों पर भरोसा करें तो जब ताजपोशी का समय आयेगा और मोर्चाबंदी होगी तो यहां एक महिला चेहरे के विरोध में भाजपा के बाकी दावेदार महिला चेहरों की आपस में गोलबंदी हो सकती है। सूत्र बताते हैं कि तीन महीने बाद जब टीम के गठन की बेला आयेगी तो विरोध का एक बड़ा मोर्चा यहां से खुलेगा और समायोजन को लेकर महिला मोर्चा में ही मोर्चाबंदी हो जायेगी।

### नामित पार्षद के लिए भी मचना है लेडी घमासान

**करंट क्राइम।** सियासत में अब भाजपा की महिला शक्ति भी अपनी हिस्सेदारी को लेकर एक्टिव है। अभी तक इस विंग के बारे में ये धारणा थी कि यहां की कार्यकर्ता भाजपा के कार्यक्रमों में तिलक रंगोली और स्वागत के लिए है। लेकिन जिस तरह से एक्टिविटी बढ़ी है उस तरह से यहां अब महिला शक्ति की मोर्चों से लेकर सरकारी कृपा तक अपनी भागीदारी और हिस्सेदारी को लेकर एक्टिव हैं। सूत्र बताते हैं कि भले ही यहां से 40 नाम नामित पार्षदों के लिए गये हों। लेकिन सूत्र ये भी बता रहे हैं कि ऊपर जाकर वो 40 नामों वाली लिस्ट एक बड़े ट्विस्ट में आ गई और अब नामों की गिनती फिर से शुरू हो गई। 10 नामित पार्षदों में दो महिला नामित पार्षद चुनी जानी है और इन दो के लिए कई नाम लाईन में हैं। अपने-अपने नाम की पैरवी के लिए दिल्ली से लेकर लखनऊ तक दौड़ लग रही है। सूत्र बताते हैं कि अब कोई भी इस बात के भरोसे बैठने को तैयार नहीं है कि हम पुराने कार्यकर्ता हैं और पार्टी हमें घर से बुलाकर सम्मान देगी।

## भूमि अधिग्रहण पहले से ही भ्रष्टाचार की उर्वरक भूमि रही है : बालेश्वर त्यागी



**जो अधिकारी भूमि अधिग्रहण से जुड़े हैं, उन्हें लगता है कि बहती गंगा में हाथ धोने का अवसर आया है, इसे क्यों व्यर्थ हाथ से जाने दिया जाय।**

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** उत्तर प्रदेश सरकार ने भूमि घोटाले में भी एक आईएएस अधिकारी अभिषेक प्रकाश सहित कई अधिकारियों को दोषी पाया है और उनके विरुद्ध कार्यवाही की जा रही है। भूमि अधिग्रहण पहले से ही भ्रष्टाचार की उर्वरक भूमि रही है। किसान अपनी भूमि का मुआवजा चाहता है। जो मिल रहा है, वह अपर्याप्त है और जितना अधिक मिल जाए उसके लिए प्रयास करना उसका अधिकार है। जो अधिकारी भूमि अधिग्रहण से जुड़े हैं,

**इतना ही नहीं मुआवजा बांटने में भी खेल होता है। बांटने वाले भी प्रतिशत के आधार पर कमीशन की मांग करते हैं।**

उन्हें लगता है कि बहती गंगा में हाथ धोने का अवसर आया है, इसे क्यों व्यर्थ हाथ से जाने दिया जाय। भूस्वामी को एक आकर्षण प्रस्तुत किया जाता है कि वैसे तो ये मुआवजा मिलेगा और अगर कुछ खर्च करोगे तो इतना मिलेगा। इसमें लाभ का सौदा देखकर किसान भी उससे चाहे अनचाहे सहमत हो जाता है। ऐसी कई घटनाएं हैं जहां अधिग्रहण से पहले अधिकारियों ने अपने रिश्तेदारों के नाम जमीनें खरीद वालीं और मनचाहा मुआवजा तय करके हल्दी लगी न फिटकरी रंग चोखा ही चोखा हो गया।

इतना ही नहीं मुआवजा बांटने में भी खेल होता है। बांटने वाले भी प्रतिशत के आधार पर कमीशन की मांग करते हैं। समाज में संघर्ष का जज्बा समाप्त हो रहा है। व्यक्ति दर दर भटकने के बजाय कमीशन देकर मुआवजा प्राप्त करने में भलाई समझता है।

कोर्ट में और भी बड़ा खेल है। पहले तो कई वकील साहब ही फीस परसेंटेज के आधार पर तय कर लेते हैं और फिर कोर्ट में कई जज साहब भूमि अधिग्रहण के रेफरेंस को दूध देती गाय समझते हैं और अधिकतम दूह लेना चाहते हैं। वैसे अधिग्रहण के

**कोर्ट में और भी बड़ा खेल है। पहले तो कई वकील साहब ही फीस परसेंटेज के आधार पर तय कर लेते हैं।**

मामलों में जब से कुछ जजों के विरुद्ध कार्यवाही हुई है तब से कमजोर दिल जज मुकदमों को सुनने से बचने के लिए टालते रहते हैं।

कई कहते हैं कि बेगुनाह - बेलज्जत। बिना किसी प्राप्ति के क्यों किसी को लाभ देकर बदनाम हों। जिला जज से लगाकर हाईकोर्ट तक तो मुझे ज्ञात हुआ है कि जजों ने पैसे लेकर मुआवजे बढ़ाए हैं। कई प्रकरण तो ऐसे भी सुनने में आए जिनमें जज साहब की ओर से ही ले देकर निपटाने के संदेश प्राप्त होते हैं।

गाजियाबाद में 1961-62 में सबसे पहला भूमि अधिग्रहण हुआ था। उसके कई मुकदमे तब तक कोर्ट में विचाराधीन थे जब हम वकालत करते थे। 1984 में भूमि अधिग्रहण अधिनियम में संशोधन हुआ, उसका भू स्वामियों को बड़ा लाभ भी मिला। कई लोगों ने उस एक्ट के प्रावधानों के सहारे षड्यंत्र के जाल बुनकर उनका भी मुआवजा बढ़वा लिया जिसके अधिग्रहण पर कोई आपत्ति भी नहीं की गई थी। इतना ही नहीं, जिला जज कोर्ट से भी बढ़वाया और हाईकोर्ट से भी बढ़वाया। जिसके लिए अधिग्रहण किया गया वह संस्था सर्वोच्च न्यायालय

**गाजियाबाद में 1961-62 में सबसे पहला भूमि अधिग्रहण हुआ था। उसके कई मुकदमे तब तक कोर्ट में विचाराधीन थे जब हम वकालत करते थे।**

गई तो उसके वकील से मिलकर अपील ही पहली पेशी पर खारिज करा दी।

अब जो नया भूमि अधिग्रहण अधिनियम बना है, उसमें सर्किल रेट के आधार पर मुआवजा निर्धारण का प्रावधान हुआ है। एक कहावत है कि जिसने पाजामा बनाया उसने शौच करने का रास्ता भी बनाया। चतुर लोग भ्रष्टाचार के रास्ते भी निकाल लेते हैं। लहर गिनने वाले भी बहुत से अधिकारी हैं।

## डासना जेल का स्टॉल और मिशन शक्ति की पाठशाला से दिया जा रहा है 8 साल बेमिसाल का संदेश

**- कवि नगर रामलीला मैदान में लगा है पुलिस की वर्किंग और योजनाओं का स्टॉल**



**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** कवि नगर रामलीला मैदान में उत्तर प्रदेश सरकार के 8 साल पूरे होने के अवसर पर 8 साल में मिसाल कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें उत्तर प्रदेश सरकार के अलग-अलग विभागों के स्टॉल और उनकी योजनाओं को प्रदर्शित किया जा रहा है। इस कड़ी में उत्तर प्रदेश पुलिस भी अपने स्टॉल लगाकर मिशन शक्ति और गाजियाबाद की डासना जेल द्वारा कैदियों के जीवन में बदलाव लाने और वहां के बंदियों द्वारा पेंटिंग, क्राफ्ट का सामान और घरेलू कलर से लेकर अन्य सामान को भी प्रदर्शित किया जा रहा है।

इस कार्यक्रम को मकसद सरकारी योजनाओं का प्रचार प्रसार करने के साथ ही लोगों तक वह जानकारी उपलब्ध कराना भी है, जो योजनाएं और आयोजन इन दिनों प्रदेश सरकार द्वारा जनता को प्रदान की जा रहीं हैं।

### बंदी ने बनाई है मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की पेंटिंग



करंट क्राइम : कवि नगर रामलीला मैदान में लगाए गए इस मेले में डासना कारागार विभाग का भी एक स्टॉल लगाया गया है। जिसमें उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की बंदी द्वारा बनाई गई पेंटिंग प्रदर्शित की गई है। तो इसके साथ ही डासना जेल में बंद बंदियों द्वारा बनाए गए अन्य सामान को भी प्रदर्शित किया गया है। किसके साथ ही कई अन्य सामान भी प्रदर्शित किया जा रहे हैं, जो बंदियों ने खुद अपने हाथों से डासना जेल की चार दिवारी के भीतर तैयार किए हैं।

### मिशन शक्ति का भी बज रहा है डंका

करंट क्राइम : रामलीला मैदान कवि नगर में तीन दिवसीय जो मेला लगाया गया है, उसमें महिला अपराध में कमी लाने और महिलाओं को सुरक्षा प्रदान करने के लिए चलाई जा रही हेल्पलाइन से लेकर मिशन शक्ति योजना को समझाने का काम किया जा रहा है। इसमें एसीपी प्रियाश्री पाल और एचटीयू प्रभारी तरुणा सिंह द्वारा लोगों को जागरूक करने का काम किया जा रहा है।

## सपा सांसद का दूसरे दिन भी गाजियाबाद में विरोध

**- राणा सांगा के गौरवशाली इतिहास पर हमला बोलने वाले सांसद का लगातार हो रहा है विरोध**

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** समाजवादी पार्टी के राज्यसभा सांसद रामजीलाल सुमन द्वारा महान योद्धा राणा सांगा पर की गई आपत्तिजनक टिप्पणी को लेकर विरोध थमने का नाम नहीं ले रहा है। बुधवार को जहां विधायक नंदकिशोर गुर्जर के नेतृत्व में बड़ा विरोध प्रदर्शन और रैली निकाली गई थी, तो वहीं गुरुवार को हिंदू युवा वाहिनी ने गोविंदपुरम स्थित भगत सिंह चौक पर पुतला दहन किया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में हिंदू युवा वाहिनी के कार्यकर्ता और पदाधिकारी उपस्थित थे। उन्होंने सपा सांसद को चेतावनी दी है कि अगर उन्होंने माफी नहीं मांगी तो अब आरपार की लड़ाई शुरू की जाएगी। गुरुवार को आगरा में भी सपा सांसद रामजी लाल सुमन के घर को घेरने के लिए करणी सेना के सैकड़ों पदाधिकारी पहुंचे थे, जहां पुलिस ने बल का प्रयोग भी किया।

### हिंदू युवा वाहिनी ने गोविंदपुरम में फूंका पुतला





### कार्यकर्ताओं ने फूंका सपा सांसद का पुतला



करंट क्राइम : हिंदू युवा वाहिनी के प्रमुख आयुष त्यागी काकड़ा के नेतृत्व में यह विरोध प्रदर्शन और पुतला दहन कार्यक्रम किया गया। इसमें गोविंदपुरम अध्यक्ष बबलू बंसल ने कहा कि सपा सांसद ने महापुरुषों का इतिहास तोड़ मरोड़ कर हिंदू महापुरुषों का अपमान किया है। उन्होंने कहा कि संपा सांसद को अपनी इस टिप्पणी को जल्द से जल्द वापस लेना चाहिए। साथ ही इस मौके पर हिंदू युवा वाहिनी के कार्यकर्ताओं ने समाजवादी पार्टी के सांसद के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। इस मौके पर हिंदू युवा वाहिनी के पदाधिकारियों ने सपा नेताओं को चेतावनी दी है कि अगर भविष्य में भी वह इस तरीके की बयानबाजी करेंगे तो फिर पदाधिकारी सबक सिखाने के लिए सड़कों पर आएंगे। इस मौके पर नवनीत त्यागी, अनिल तोमर, सत्येंद्र भाटी, बृजेश यादव, धर्मेंद्र चौधरी, वेद प्रकाश शर्मा, शिवकुमार सैनी, पंकज, हिमांशु, संदीप दुबे, सुंदर तोमर, नितिन व गजराज सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# आठ साल बेमिसाल : सीएम आदित्यनाथ योगी ने दिया आगरा वासियों को 635 करोड़ की 128 योजनाओं का तोहफा

## बोले- मुगलों से नहीं छत्रपति शिवाजी, राधा रानी, बांके बिहारी और ब्रजभूमि से है आगरा की पहचान

**, आगरा।** आगरा के जीआईसी मैदान में आए प्रदेश के मुखिया मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदर्शनी का उद्घाटन किया। इस मौके पर उन्होंने 635 करोड़ की 128 योजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण किया।

प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जीआईसी मैदान पर अपनी सरकार के 8 साल पूरे होने के मौके पर प्रदर्शनी का उद्घाटन किया। जीआईसी मैदान पर उन्होंने 635 करोड़ रुपये की 128 योजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण किया। उन्होंने यहां मौजूद लाभार्थियों और लोगों से कहा आगरा की पहचान मुगलों से नहीं है, आगरा की पहचान छत्रपति शिवाजी, राधारानी, बांके बिहारी और ब्रजभूमि से है।

सीएम ने कहा कि प्रदेश सरकार विरासत सजाने के साथ विकास भी कर रही है। काशी, अयोध्या, प्रयागराज, नैमिषारण्य बटेश्वर इसके उदाहरण हैं। सीएम ने कहा कि सरकार युवाओं को रोजगार दे रही है। 8.50 लाख युवाओं को



रोजगार मिला है। हाल में ही पुलिस भर्ती में 60 हजार युवाओं को नौकरी दी गई है। इनमें 12 हजार बेटियां हैं।

सीएम ने कहा कि पहले की सरकार में गुंडे माफिया और दंगाई हावी थे। लेकिन हमने वन डिस्ट्रिक्ट वन माफिया की जगह वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट दिया है। योगी आदित्यनाथ ने लाभार्थियों को चेक और टूलकिट भी प्रदान की। प्रदर्शनी में उन्होंने लोगों से मुलाकात करके उन्हें प्रोत्साहन दिया। जीआईसी मैदान से वह लखनऊ के लिए रवाना हो गए।

### सीएम योगी की संतों से अपील, मोबाइल का उपयोग कर दें कम

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आगरा आ चुके हैं। वे सीधे राजामंडी स्थित नाथ संप्रदाय के श्री दरियानाथ मंदिर में आयोजित शंखढाल कार्यक्रम और धर्मसभा में पहुंचे। सीएम योगी आदित्यनाथ संप्रदाय के राष्ट्रीय अध्यक्ष गोरक्ष पीठाधीश्वर के रूप में इन कार्यक्रम में शामिल हुए। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि सनातन सुरक्षित रहेगा तो ही देश सुरक्षित रहेगा। उन्होंने साधु संतों से अपील की है कि आप किसी भी पंथ और संप्रदाय से जुड़े हुए हों, लेकिन राष्ट्र और समाज निर्माण के लिए ही कार्य करना चाहिए। उन्होंने साधु संतों से मोबाइल का उपयोग कम करने की भी सीख दी। कहा कि मोबाइल पर जो आपको दिखता है या सुनते हैं, वह जरूरी नहीं सच हो। ऐसे में साधु संतों को साधना में लीन होकर के समाज को एक करने के लिए कार्य करना चाहिए।

# मेरठ में बागेश्वर धाम सरकार

## कड़ी सुरक्षा के बीच आचार्य धीरेंद्र शास्त्री की कथा शुरू





**मेरठ।** मेरठ शहर में बागेश्वर धाम सरकार आचार्य धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री की जागृति विहार एक्सटेंशन स्थित मैदान में श्री हनुमंत कथा का शुभारंभ हो गया है। पांच दिवसीय कथा कि लिए धीरेंद्र शास्त्री देर रात शहर में पहुंच गए। मंगलवार को मंगल बेला में हनुमंत कथा होगी। इसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना है। यहां 150 सीसी कैमरों से कड़ी निगरानी की जाएगी। इसके साथ ही पुलिस प्रशासन की ओर से पुलिस टीमों को अलर्ट किया गया है।

कथा स्थल पर आयोजित प्रेस वार्ता में मुख्य संयोजक नीरज मित्तल और राज्यसभा सदस्य लक्ष्मीकांत वाजपेयी ने कहा कि जब भी सनातनियों पर संकट आता है तो कोई न कोई अवतार पुरुष जरूर आता है। उन्होंने कहा कि धीरेंद्र शास्त्री सनातन संस्कृति को हर युवा के दिल में पहुंचाने का बड़ा काम कर रहे हैं। वे यहां क्रांति की धरा पर शांति की अलख जगाएंगे।

उन्होंने कहा कि जिस स्थान पर हनुमान जी की कथा होती है, वहां का वातावरण दिव्य हो जाता है। वह दो बार धाम में हनुमंत कथा सुन चुके हैं। नीरज मित्तल ने बताया कि पंडाल में सीता राम कक्ष, जामवंत कक्ष और अंगद कक्ष बनाए गए हैं। 20 एलईडी टीवी, गर्मी को देखते हुए कूलर और पंखे, निशुल्क जल की व्यवस्था कुछ समाजसेवी संगठनों की ओर से की गई है।

मित्तल ने बताया कि सीसी कैमरों से पूरे कथा स्थल पर नजर रखी जाएगी। स्वास्थ्य विभाग के अलावा एंबुलेंस और फायर ब्रिगेड की व्यवस्था की गई है। इनके अलावा 150 सिविल डिफेंस के लोग, 100 बाउंसर सहित अन्य सेवादार निगरानी करेंगे।

### अखिलेश यादव को दी नसीहत, कुल का कर्तव्य निभाएं

लक्ष्मीकांत वाजपेयी ने सपा सुप्रीमो अखिलेश यादव को नसीहत देते हुए कहा कि उनका प्रथम कर्तव्य कुल के प्रति है। सरकार सबका साथ सबका विकास की रणनीति पर कार्य कर रही हैं। बाबर के विषय में उठे प्रश्न पर उन्होंने कहा हिंदुत्व की रक्षा के लिए हिंदू समाज एकजुट है। मुस्लिम तुष्टीकरण अखिलेश यादव करते हैं। देश भर में सनातन की धर्म ध्वजा लहरा रही हैं। जो भी चाहे, वह कथा सुनने आ सकता है।



### कथा स्थल पर एक दिन पहले पहुंचे श्रद्धालु

कथा स्थल पर उत्तर प्रदेश, हरियाणा, दिल्ली सहित अन्य राज्यों से श्रद्धालु एक दिन पहले ही पहुंचना शुरू हो गए। वे अपना खाना साथ लाए हैं और पूरी व्यवस्था के साथ आए हैं। सहारनपुर निवासी पूनम और माला ने बताया कि पहली बार बागेश्वर धाम धीरेंद्र शास्त्री की कथा सुनेंगे। इससे पहले टीवी पर ही कई बार उनकी कथा सुनी है।

### बदल रही सूरत

जागृति विहार एक्सटेंशन में आयोजित की जा रही इस कथा से इस योजना की तस्वीर बदलने की उम्मीद है। आयोजकों का दावा है कि यहां करीब पांच लाख लोग पहुंचेंगे। ऐसे में पंडाल लगाने के साथ ही दिन-रात तैयारियां चल रही हैं। कथा के साथ ही योजना में विकास कार्य भी तेजी से हो रहे हैं। अब यहां काफी संख्या में आवंटी रहने लगे हैं। यहां बनाए गए 32 मीटर, 57 मीटर, 64 मीटर के फ्लैट में भी रिहाइश हो रही है। कथा शुरू होने के कारण साफ-सफाई, सड़क निर्माण, स्ट्रीट लाइट आदि को दुरुस्त किया जा रहा है।

# लोकसभा स्पीकर से मिले 70 सांसद, राहुल गांधी को बोलने नहीं देने पर जताई नाराजगी

**नई दिल्ली।** लोकसभा में एक बार फिर स्पीकर बनाम राहुल गांधी पर सियासत गरमा गई। कांग्रेस का आरोप है कि सदन में नेता विपक्ष राहुल गांधी अपनी बात रखना चाहते थे, लेकिन स्पीकर ने मौका नहीं दिया। इस पर कांग्रेस सांसदों ने नाराजगी जताई और बाद में कांग्रेस सांसदों ने स्पीकर से मुलाकात कर आपत्ति जताई है। राहुल का कहना था कि पता नहीं स्पीकर की क्या सोच है। सच्चाई यह है कि हमें बोलने नहीं दिया जाता है।

दरअसल, लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी बुधवार को सदन में बोलना चाहते थे, लेकिन स्पीकर ने राहुल गांधी पर टिप्पणी करते हुए कहा कि उन्हें शिष्टाचार बनाए रखना चाहिए। स्पीकर का कहना था कि आप सबसे अपेक्षा की जाती है कि सदन की मयार्दा और शालीनता को बनाए रखेंगे। विशेष रूप से नेता प्रतिपक्ष से ये उम्मीद की जाती है



कि वे सदन की मयार्दा और गरिमा के अनुरूप काम करेंगे।

**स्पीकर के समक्ष जताई आपत्ति :** स्पीकर की नसीहत के बाद सदन में भोजनावकाश हो गया। स्पीकर ने सदन की कार्यवाही दो बजे तक के लिए स्थगित करने की घोषणा कर दी। बाद में कांग्रेस के 70 सांसदों ने स्पीकर से मुलाकात की और राहुल गांधी को बोलने नहीं देने के लिए अपनी आपत्ति दर्ज कराई। यह पूरा घटनाक्रम दोपहर 1 बजे का है।

**'मुझे बोलने नहीं दिया जाता है...' :** इस मसले पर राहुल गांधी ने भी कड़ी प्रतिक्रिया दी है और कहा, मुझे एक शब्द नहीं बोलने दिया। पहले मेरे बारे में भी बोल रहे हैं। मैं खड़ा हुआ और कहा कि मुझे कुछ बोलने दीजिए। आपने मेरे बारे में कुछ कहा है। उठकर चले गए। नियमतः नेता विपक्ष को बोलने दिया जाता है। लेकिन जब भी मैं खड़ा होता हूं तो मुझे बोलने नहीं दिया जाता है। पता नहीं किस प्रकार से हाउस चल रहा है। जो हम कहना चाहते हैं, वो हमें कहने नहीं देते हैं। मैंने कुछ नहीं किया है। मैं शांति से बैठा था। मैंने एक शब्द नहीं बोला है। मुझे सात-आठ दिन से बोलने नहीं दिया गया.

राहुल का कहना था कि लोकतंत्र में विपक्ष की जगह भी होती है। यहां विपक्ष की जगह नहीं है। यहां सिर्फ सरकार की जगह है।

# जस्टिस यशवंत वर्मा पर दिल्ली पुलिस की कार्रवाई

## उस जगह को किया सील जहां मिले थे जले नोट

**नई दिल्ली।** जस्टिस यशवंत वर्मा के आवास में 14 मार्च की रात करीब 11 बजे आग लगी थी। इसके बाद भारी संख्या में करेंसी के जलने की बात सामने आई। यशवंत वर्मा का कहना है कि उनके या उनके परिवार के किसी भी सदस्य ने स्टोररूम में कभी नकदी नहीं रखी। इस मामले की जांच के लिए बुधवार को दिल्ली पुलिस की एक टीम वर्मा के आवास पर पहुंची। तुगलक रोड थाने के एक इंस्पेक्टर भी पहुंचे। पुलिस ने आग लगने वाली जगह (स्टोररूम) को सील कर दिया है।



इस मामले की जांच के लिए सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस ने 3 जजों की एक कमेटी गठित की है। सोमवार को जांच आयोग की टीम यशवंत वर्मा के घर पहुंची थी। इसके बाद दिल्ली पुलिस को आदेश दिया गया था कि वो स्टोर रूम को सील करे। इस पर डीसीपी नई दिल्ली देवेश महेला, एक एसीपी और तमाम पुलिसकर्मी दोपहर 2:00 बजे जस्टिस यशवंत वर्मा के घर पर पहुंचे और जहां पर नोट जले थे, उस पूरे स्टोर रूम को सील किया गया। उनके साथ कोर्ट का सपोर्टिंग स्टाफ भी रहा, जो जांच आयोग की इस पूरे मामले में मदद कर रहा है।

**तुगलक क्रिसेंट रोड पर है सरकारी आवास :** बता दें कि चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया संजीव खन्ना द्वारा गठित जांच कमेटी मंगलवार को जांच के लिए हाई कोर्ट के जस्टिस यशवंत वर्मा के नई दिल्ली स्थित तुगलक क्रिसेंट रोड के सरकारी आवास पर पहुंची थी।

# राणा सांगा पर टिप्पणी करने वाले सपा सांसद रामजीलाल सुमन के घर करणी सेना का हमला

## करणी सेना के कार्यकर्ता बुलडोजर लेकर पहुंचे, पथराव में 14 पुलिसकर्मी घायल

**आगरा।** राणा सांगा पर विवादित बयान को लेकर सपा के राज्यसभा सांसद रामजीलाल सुमन के घर करणी सेना ने बवाल मचा दिया। इस दौरान पुलिस के साथ भी झड़प हुई। लाठियां भांजी गईं, तो भगदड़ मच गई। इस दौरान पथराव हो गया। अचानक हुए पथराव से पुलिस के पसीने छूट गए। पथराव में इंस्पेक्टर के साथ कई पुलिसकर्मियों के घायल होने की सूचना है। सूचना मिलते ही अतिरिक्त पुलिसबल मौके पर बुला लिया गया। पुलिस ने बल प्रयोग कर बवालियों को खदेड़ा।

राणा सांगा पर विवादित बयान देने वाले सपा के राज्यसभा सांसद रामजीलाल सुमन के आवास पर करणी सेना घेराव करने पहुंची थी। यहां पर पहले ही पुलिस तैनात थी।



करणी सेना के कार्यकर्ता नारेबाजी करते हुए आवास के मुख्य द्वार से प्रवेश करने लगे। इस दौरान पुलिस ने जब रोकने का प्रयास किया, तो वे उग्र हो गए। पुलिस टीम पर हमला कर दिया गया। इस दौरान वहां रखीं कुर्सियां फेंकी गईं। डंडों के साथ तोड़फोड़ कर दी गई। हमले में इंस्पेक्टर घायल हो गए।

**सुबह से चल रही थी तैयारी :** सूचना मिलते ही थाना हरीपर्वत से अतिरिक्त पुलिसबल आ गया। इसके बाद पुलिस ने प्रदर्शन करने वालों को लाठियां फटकारते हुए खदेड़ना शुरू कर दिया। इस दौरान कई लोगों को हिरासत में लिए जाने की सूचना है। बता दें सांसद से घर पर घेराव की तैयारी सुबह से ही की जा रही थी। एत्मादपुर में करणी सेना से पदाधिकारी और कार्यकर्ता एकत्र हुए थे। वहां भी पुलिस के द्वारा इन्हें रोका गया था। इस बीच दोपहर को बड़ी संख्या में ये लोग सपा सांसद के हरीपर्वत क्षेत्र स्थित आवास तक पहुंच गए।

**दिल्ली हाईवे कर दिया जाम :** राणा सांगा पर सपा के राज्यसभा सांसद द्वारा दिए गए विवादित बयान को लेकर आगरा में हंगामा मचा हुआ है। एक तरफ सांसद के आवास पर हमला बोल दिया गया, तो वहीं दूसरी ओर दिल्ली हाईवे पर करणी सेना ने जाम लगा दिया।

# मुस्लिम युवक से प्यार करने पर युवती को मिली खौफनाक मौत

## प्रेमी के सऊदी जाते ही भाई-बहन ने मिलकर मार डाला

**आजमगढ़।** आजमगढ़ जिले में भाई-बहन ने मिलकर अपनी ही बहन को मौत की नींद सुला दिया। वजह ये थी कि बहन अनीता का काफी दिनों से एक मुस्लिम युवक से प्रेम प्रपंच चल रहा था। परिवार के लोग इससे काफी नाराज थे। युवक के काम काज के सिलसिले में सऊदी चले जाने के बाद भी अनीता उससे वाट्सएप कॉल के जरिए बात करती थी। मना करने पर भी जब वह नहीं मानी तो भाई- बहन ने मिलकर यह खौफनाक कदम उठाया।

**परिवार को मंजूर नहीं था ये रिश्ता :** एसपी ग्रामीण चिराग जैन ने बताया कि अनीता का एक मुस्लिम युवक से प्रेम प्रपंच चल रहा था। परिवार को दोनों का यह रिश्ता मंजूर



नहीं था। इसलिए उन्होंने उसे कई बार मना किया, लेकिन वह नहीं मानी।

**प्रेमी के दिए मोबाइल से करती थी बात :** प्रेमी युवक द्वारा उसे एक मोबाइल भी दिया गया था। उसी मोबाइल फोन से उससे बराबर बात होती थी।

छह मार्च को उसका प्रेमी दिल्ली चला गया। वहां से वह 16 मार्च को सऊदी अरब चला गया। सऊदी अरब जाने के बाद भी दोनों की वाट्सएप के जरिए बात होती रही।

**हत्या कर नहर में फेंक दिया था शव :** परिवार के लोगों के मना करने के बाद भी अनीता ने बात करना नहीं छोड़ा। तब उसके भाई राजू यादव और बहन संगीता यादव ने उसकी हत्या कर दी और शव को नहर में फेंक दिया।

# सहारनपुर हत्याकांड: जेल में बेचैनी में कट रही हत्यारे योगेश की रातें

**सहारनपुर।** सहारनपुर के थाना गंगोह क्षेत्र के सांगाठेड़ा गांव में जघन्य हत्याकांड को अंजाम देने वाले योगेश रोहिला की जेल के अंदर बेचैनी में रात कट रही है। जेल प्रशासन उस पर 24 घंटे निगरानी रख रहा है। क्योंकि उसने बेचैनी



और तनाव का बहाना बनाया है। उसे सरकारी अधिवक्ता मुहैया कराने के लिए जेल प्रशासन ने विधिक सेवा प्राधिकरण को पत्र लिख दिया है।

दरअसल, 22 मार्च को सांगाठेड़ा गांव में योगेश रोहिला ने पत्नी नेहा, बेटी श्रद्धा, बेटों देवांश व शिवांश को गोली मार दी थी। तीन बच्चों की उसी दिन मौत हो गई थी, जबकि पत्नी ने घटना के तीसरे दिन चंडीगढ़ पीजीआई में उपचार के दौरान दम तोड़ दिया था।

# भंवरे ने खिलाया फूल... : श्रीनगर का ट्यूलिप गार्डन आम जनता के लिए खुला









**श्रीनगर।** श्रीनगर का इंदिरा गांधी मेमोरियल ट्यूलिप गार्डन जनता के लिए खुल गया है। ट्यूलिप गार्डन के प्रभारी और फ्लोरीकल्चर अधिकारी जावेद मसूद ने कहा कि यहां 17 लाख ट्यूलिप प्रदर्शित किए जाएंगे। पिछले साल हमारे यहां 4.5 लाख पर्यटक आए थे। हमें उम्मीद है कि इस साल हम पिछले साल का रिकॉर्ड तोड़ देंगे। हमने फूलों और रंगों की नई किस्मों के साथ प्रयोग किया है।

जावेद मसूद ने कहा कि इस गार्डन ने जम्मू-कश्मीर में कई पर्यटकों को आकर्षित किया है और स्थानीय अर्थव्यवस्था में मदद की है। इंदिरा गांधी मेमोरियल ट्यूलिप गार्डन के माली मोहम्मद अब्बास ने कहा कि ट्यूलिप गार्डन आम जनता के लिए खोलने के लिए पूरी तरह तैयार है। इस साल हमें 5.5 लाख से ज्यादा पर्यटकों के आने की उम्मीद है। इस साल फूलों की शानदार प्रदर्शनी होगी। हमने ट्यूलिप की दो और किस्में जोड़ी हैं।

हर साल, एशिया का सबसे बड़ा ट्यूलिप गार्डन एक जीवंत कैनवास बन जाता है, जो दुनिया भर से आगंतुकों को आकर्षित करता है।

### क्या है ट्यूलिप गार्डन

आपको बताते चलें कि, यह खूबसूरत फूलों वाला गार्डन श्रीनगर में स्थित है। इस साल 26 मार्च 2024 से आम जनता के लिए खोल दिया जाएगा। इस गार्डन की खासियत की बात करें तो 30 हेक्टेयर में फैला हुआ है. यहां आपको 17 लाख से अधिक ट्यूलिप फूल 75 से अधिक वैरायटी के ट्यूलिप देखने को मिल जाएंगे. ये गार्डन डल झील के पास स्थित है जहां जबरवान पहाड़ियों का खूबसूरत नजारा दिखता है. चारों ओर बर्फीली चोटियां और झील का अद्भुत दृश्य मिलता है। मार्च और अप्रैल में आप इस फूलों के गार्डन को एक्सप्लोर कर सकते हैं।



इस साल यह और भी अधिक लुभावना होने का वादा करता है, जिसमें 1.7 मिलियन ट्यूलिप प्रदर्शित किए गए हैं - जिसमें नीदरलैंड से विशेष रूप से आयातित दो नई किस्में शामिल हैं। 2007 में अपने उद्घाटन के बाद से, यह त्यौहार कश्मीर की प्राकृतिक सुंदरता और समृद्ध संस्कृति का एक प्रतिष्ठित प्रतीक बन गया है। जबरवान रेंज की तलहटी में बसा, बगीचे के सात सीढ़ीदार परिदृश्य और बहते पानी के चैनल एक शांत वातावरण बनाते हैं जो आपको विस्मय में डाल देगा।

### किस समय पर पहुंचे

आप इस खूबसूरत गार्डन में घूमने का प्लान कर रहे हैं तो आपके लिए मार्च के आखिरी हफ्ते से अप्रैल के पहले-दूसरे हफ्ते के बीच वहां जाना सबसे बेस्ट रहेगा।ट्यूलिप गार्डन के खुलने का समय सुबह 9 बजे है जो शाम के 7 बजे तक खुला रहता है। वहीं अगर इसके टिकट प्राइस की बात करें तो एडल्ट्स के लिए 75 रुपये है और बच्चों के लिए 30 रुपये का टिकट लगता है।

### कैसे पहुंच सकते हैं इस गार्डन में

इस गार्डन में पहुंचने के लिए आप श्रीनगर का सबसे नजदीकी हवाई अड्डा श्रीनगर इंटरनेशनल एयरपोर्ट (रफ) है, जो देश के बड़े शहरों से जुड़ा हुआ है. एयरपोर्ट से ट्यूलिप गार्डन लगभग 18 किमी दूर है, जिसे टैक्सी या लोकल कैब से आसानी से कवर किया जा सकता है. अगर आप ट्रेन से आ रहे हैं आपको जम्मू तवी रेलवे स्टेशन उतरना होगा जो श्रीनगर से लगभग 270 किमी दूर है।

दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...



नई दिल्ली। गुरुवार 27 मार्च -2025
दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित




## सत्ताधारी दल के विधायक हो गये बेहोश

### पुराने पूर्व जनप्रतिनिधियों ने आखिर क्यों धारण कर लिया है मौन



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** मुद्दा सही है या गलत है इससे ज्यादा महत्वपूर्ण ये बात है कि आखिर ऐसा क्या हुआ कि सरकार के विधायक ने सरकार के खिलाफ मोर्चा खोल दिया। मौजूदा जनप्रतिनिधियों की यह सियासी मजबूरी समझी जा सकती है कि वो एक राजधर्म के तहत बताना भी कुछ नहीं चाहते और छुपाना भी कुछ नहीं चाहते। लेकिन चर्चा भाजपा के भीतर यह है कि आखिर पुराने हो चुके पूर्व जनप्रतिनिधियों में इस मामले पर मौन धारण क्यों कर लिया।

पूर्व मंत्री बालेश्वर त्यागी और पूर्व मेयर अशु वर्मा ही अकेले खामोश नहीं है। भाजपा के भीतर ही इस बात को लेकर सवाल खड़ा हो गया है कि आखिर इतनी बड़ी स्थिति को लेकर यहां चार बार के सांसद रहे रमेश चंद तोमर क्यों शांत है। रमेश चंद तोमर राजनीति के पुराने खिलाड़ी हैं और वो अक्सर अपनी बात रख भी देते हैं। शब्दों का चयन अच्छा करते हैं। मगर लोनी मामले पर वो फिलहाल साईलेंट मोड पर हैं। वरिष्ठ नेताओं की बात करें तो यहां पूर्व दर्जाप्राप्त राज्यमंत्री बलदेवराज शर्मा इस मामले पर ना तो सरकार के पक्ष में दिखाई दिये हैं और ना ही वो लोनी विधायक के पक्ष में हैं। बलदेवराज शर्मा ऐसे नेता हैं जिन्होंने भाजपा की राजनीति का एक पूरा युग देखा है। मगर वो भी इस मामले पर पूरी तरह से मौन धारण किये हुए हैं। पूर्व विधायक रामनरेश रावत स्पष्ट वक्ता नेताओं में शामिल होते हैं। राजनीति का उन्होंने भी एक पूरा काल देखा है लेकिन जब सरकार के विधायक ने सरकार के खिलाफ मोर्चा खोला है और वो लगातार आरोप लगा रहे हैं। तब ऐसे में पूर्व विधायक रामनरेश रावत जैसे स्पष्ट वक्ता नेता ने भी खामोशी साधी है। वो सरकार को सुझाव दे सकते हैं, वो इस मामले में संगठन को सुझाव दे सकते हैं। लेकिन ये वरिष्ठ नेता फिलहाल इस मामले से खुद को दूर रखकर चल रहे हैं। पूर्व जनप्रतिनिधियों की बात करें तो यहां पूर्व मेयर आशा शर्मा भी इस मामले पर खामोश हैं और उन्होंने भी खुद को इस प्रकरण से दूर रखा है। अब चर्चा भाजपा में ही यह उठने लगी है कि आखिर ऐसा क्या है कि सरकार ही कटघरे में खड़ी हो गई और सरकार के विधायक ने ही आरोप लगाये। जनप्रतिनिधि भी पूरे मामले पर खामोश और पूर्व जनप्रतिनिधियों ने भी खामोश धारण कर ली है। यहां पर सबसे बडी बात ये है कि भजापा जो चेहरे हर छोटी बडी बात पर सोशल मीडिया पर अपने विचार लेकर आते थे उन्होंने भी इस बार पूरी तरह से शांति धारण कर ली है। अब चर्चा भाजपा के भीतर ही इस बात को लेकर उठने लगी है कि ऐसा संभवत पहली बार हो रहा है कि जब सरकार के विधायक अपनी किसी बात को लेकर फटे कुर्ते में घूम रहे हैं। वो मंचों से लेकर जनता के बीच इसी हालत में जा रहे हैं।

अब इस मुद्दे का आखिर समाधान क्या निकलेगा। सरकार के भीतर, सरकार के खिलाफ आवाज कोई पहली बार नहीं उठी है। लेकिन इस बार ये मामला इसलिए भी बड़ा होता जा रहा है कि यहां आरोपों के घेरे में अधिकारी नहीं बल्कि सरकार है। मामले में अब धार्मिक यात्रा से बड़ा सवाल भ्रष्ट्राचार का है। भाजपा के ही नेता इस बात को मानते हैं कि अब तक इस मामले का कटाक्षेप हो जाना चाहिए था। लेकिन बात लगातार बढ़ रही है। यहां फिर से सवाल वो इसी बात को लेकर कर रहे हैं कि चलो माना कि वर्तमान विधायकों के सामने सरकार की गाईडलाईन को पालन करने का सवाल है। वो संगठन के प्रोटोकॉल से भी बाहर नहीं जायेंगे और सबसे बड़ी बात ये है कि वो अपने लिए अगले टिकट की स्थिति को विकट नहीं करना चाहते। मगर भाजपा के जो पूर्व जनप्रतिनिधि अब लगभग वीआरएस मोड पर चल रहे हैं। उन्हें आखिर किस बात का खतरा है। वो तो अपनी बात को खुलकर रख सकते हैं। वो इस मामले में जिस भी पक्ष की गलती मानते हैं उस पक्ष को गलत बता सकते हैं। लेकिन पहली बार ऐसा हो रहा है कि जब एक धार्मिक यात्रा को लेकर भाजपा की सरकार में भाजपा के विधायक ने विरोध में मोर्चा खोल दिया और सबसे बड़ी बात ये है कि पूरी भाजपा ही इस मामले में साईलेंट मोड पर आ गई है। भाजपा के मौजूदा जनप्रतिनिधियों से लेकर पूर्व जनप्रतिनिधियों ने भी खुद को इस मुद्दे से दूर कर लिया है।

## सेवा, सुरक्षा व सुशासन के 8 वर्ष : तीन दिवसीय संगोष्ठी में महापौर सुनीता दयाल ने गिनाईं योजनाएं

### स्वास्थ्य विभाग, बाल व महिला विकास की गोष्ठी में महापौर रहीं मुख्य अतिथि






**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** उत्तर प्रदेश सरकार की सेवा, सुरक्षा, व सुशासन की नीति के 8 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में स्वास्थ्य विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा रामलीला मैदान कविनगर में संगोष्ठी कार्यक्रम किया गया जिसमें महापौर सुनीता दयाल मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रही।

महापौर सुनीता दयाल ने सर्व प्रथम नगर निगम एवं अन्य विभागों द्वारा किये गए विकास कार्यों की प्रदर्शनी देखी उसके उपरांत नगर निगम द्वारा स्वस्थ रहने के लिए लगाई ओपन जिम एवं एक विकसित पार्क देखा जिसका अद्भुत नजारा था। कार्यक्रम की शुरूआत बाल, महिला एवं स्वास्थ्य विभाग के अनेकों प्रस्तुति के साथ की।

महापौर ने बताया कि हमारी सरकार के 8 वर्ष पूर्ण हुए है जिसके लिए पूरे प्रदेश में 3 दिवसीय संगोष्ठी कार्यक्रम किए जा रहे है और आज मैं भी उपरोक्त कार्यक्रम में उपस्थित हूँ जिस प्रकार





स्वास्थ्य विभाग, बाल एवं महिला विकास विभाग द्वारा यहाँ प्रस्तुति प्रस्तुत की है एक एक प्रस्तुति में घर घर गाँव गाँव जाकर जो कार्य किया है, जनता को सुविधाएं उपलब्ध कराई है वह बहुत ही अद्भुत है यह केवल भाजपा सरकार में ही मुमकिन है निसंदेह जनता की सेवा करने का कार्य किया है।

हमारी सरकार ने सभी विभागों के जरिए गली मोहल्ले के हर व्यक्ति को योजना की जानकारी है और वह उन सभी योजनाओं का लाभ भी ले रहा है। हमारी सरकार में आंगनबाड़ी केंद्रों की बहनों ने लोगो को जागरूक करने के लिए कार्य किया है

गोद भराई की रसम कर पुरानी रीत



को जिन्दा किया है। कुपोषण पर गंभीरता से कार्य किया है। घर घर टीकाकरण किया है। मलिन बस्तियों में महिलाओं को नही पता होता था कि सेनेट्री पेड क्या होता है हमारी सरकार ने जागरूक किया और फ्री सेनेट्री पेड वितरण किए। साफ और स्वच्छ रहना बताया जिससे बीमारियों में कमी आयी है। महिलाओं



और बेटियों को शशक्त बनाया, आत्म विश्वास जगाया। निशुल्क दवाई वितरण। हेल्थ चेकअप कैम्प। आयुष्मान योजना का क्रियान्वयन आदि कार्य जनता तक पहुँचाने का कार्य किया है जो कभी अन्य सरकारों ने नहीं किया और इसी प्रकार भविष्य में भी जनता के लिए समर्पित रहेंगे।

## सर्राफा कारोबारी के साथ धोखाधड़ी करने वाले दो आरोपी गिरफ्तार

### नकली सोने के जरिए कर रहे थे 10 लाख के आभूषण और 20 लाख कैश की डिमांड



**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद सिटी जोन के अंतर्गत विजयनगर पुलिस ने दो शातिर ठगों को गिरफ्तार करने का काम किया है। इन्होंने पहले मनोज वर्मा नाम के सर्राफा व्यापारी को विश्वास में लिया, उससे सोने का कुछ सामान खरीदा और नगद पैसे दिए। फिर उससे कहा कि यह उसे 40 लाख रुपए का सोने देंगे। जिसमें 10 लाख के उन्हें जेवर चाहिए और 20 लाख रुपए कैश देना होगा। पीड़ित ने जब इनका सोना लिया तो उसे मालूम चला कि सोना ठीक नहीं है। इसके बाद इन्होंने उस ओरिजिनल सोना व रकम की डिमांड की, जिस पर उसने मना कर दिया। उसने पुलिस को सूचना दी, जिसके बाद पुलिस ने दो आरोपी लड्डू और गंगा सिंह निवासी हाल पता इंदिरापुरम कनावनी को गिरफ्तार किया है। लड्डू सिंह की उम्र जहां 40 वर्ष है, तो वहीं गंगा सिंह 60 वर्ष का है। पुलिस का कहना है कि यह ठगी और टप्पेबाजी के साथ ही लोगों को ठोस सोना देने के नाम पर पहले उनका विश्वास जीते हैं और फिर नकली माल थाम कर लाखों रुपए लेकर फरार हो जाते हैं। एसीपी घंटाघर कोतवाली रितेश त्रिपाठी ने बताया है कि पकड़े गए आरोपियों के पूर्व के कई मामलों की पुलिस जांच और छानबीन कर रही है। साथ ही कई अन्य सर्राफा व्यापारियों से भी इनके बारे में पूछताछ की जा रही है। पुलिस ने इनसे लाखों रुपए के जेवर, सोने-चांदी के गहने और लगभग 6 लाख रुपए नगद बरामद किए हैं।

### विजय नगर पुलिस ने दो आरोपियों को किया गिरफ्तार, लाखों के जेवर और कैश बरामद

#### पहले सर्राफा व्यापारी पर जताते थे विश्वास, फिर करते थे वारदात

**करंट क्राइम :** एसीपी कोतवाली रितेश त्रिपाठी ने जानकारी दी है की लड्डू सिंह और गंगा सिंह दोनों शातिर आरोपी हैं। इन्होंने बताया है कि पहले यह सर्राफा मार्केट में जाकर दुकानदारों को विश्वास में लेकर उसको धोखे से नकली सोना बेच देते थे और फिर उससे सोने व चांदी के आभूषण लेते थे। बाकी रुपए ले जाते थे और आपस में बांटते थे। इन्होंने 21 मार्च को विजयनगर सर्राफा मार्केट में अपने साथी सुरेश के साथ मिलकर लक्ष्मी ज्वेलर्स के मालिक को भी इसी तरह से फंसाया था। उसे 20 लाख रुपए नगद और 10 लाख रुपए के गहनों की डिमांड की थी, उसको जो सोना बेचा था, उसकी कीमत उन्होंने 40 लाख रुपए बताई थी।

#### पुलिस ने तत्काल लिया एक्शन और हो गए आरोपी अरेस्ट

**करंट क्राइम :** इस मामले में पुलिस ने लक्ष्मी ज्वेलर्स के मालिक मनोज कुमार वर्मा की शिकायत पर तत्काल एक्शन लिया। आसपास के सीसीटीवी की फुटेज खंगाली और सर्विलांस के जरिए भी इसमें मेहनत की गई। जिसके बाद पुलिस ने दोनों आरोपियों को दबोचने का काम किया है। पुलिस ने उनसे लाखों रुपए के सोने और चांदी के आभूषण के साथ ही 6 लाख रुपए कैश बरामद किया है। पुलिस का कहना है कि आरोपी पहले भी कई लोगों के साथ इसी प्रकार ठगी कर चुके हैं। पुलिस उनकी फोटो और फुटेज लेकर कई अन्य ज्वेलर्स को दिखा रही है ताकि उनके अन्य कारनामों का भी खुलासा हो सके।

## गाजियाबाद में नहीं थम रहा है थूककांड

### मोदीनगर, मुरादनगर के बाद अब टीलामोड़ में सामने आई घटना



**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम के अलग-अलग जोन में लगातार अलग-अलग समारोह और दुकानों पर थूककांड का मामला कम होने का नाम नहीं ले रहा है। बीते दिनों जहां मोदीनगर में एक विवाह समारोह में थूक लगाकर रोटी बनाने का वीडियो वायरल हुआ। तो उसके कुछ दिन बाद मुरादनगर थानाक्षेत्र में एक होटल के कारीगर द्वारा ऐसा कृत्य का वीडियो सामने आया था। अभी दोनों ही मामलों को कुछ दिन बीते थे कि टीलामोड़ थानाक्षेत्र में गगन विहार निवासी मनीष के घर 25 मार्च को जागरण था। इस जागरण में भोजन की व्यवस्था थी, जहां दो कारीगरों ने फिर रोटी पर थूक लगाकर इस कांड को



अंजाम दिया है। सोशल मीडिया पर यह वीडियो वायरल हुआ, तो पुलिस ने इस मामले में लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करते हुए आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपियों की पहचान शावेज और शहजाद के रूप में हुई है।

### पुलिस ने कर्मचारियों को किया वायरल वीडियो के आधार पर गिरफ्तार

#### 25 मार्च का बताया जा रहा है पूरा मामला



**करंट क्राइम :** एसीपी शालीमार गार्डन सलोनी अग्रवाल ने बताया है कि गगन विहार में रहने वाले मनीष नाम के शख्स की शिकायत पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। आरोप है कि शावेज और शहजाद नाम के कर्मचारी थूक लगाकर रोटी बना रहे थे। जिसके बाद इस वीडियो बना लिया गया, पुलिस को सूचना दी गई जिसके बाद पुलिस ने कार्रवाई की है। 25 मार्च को गगन विहार निवासी मनीष के घर माता रानी का जागरण था, जहां पर इन्होंने मेहमानों की रोटी बनाने के दौरान यह हरकत की।

#### गाजियाबाद में लगातार सामने आ रहे हैं थूककांड के मामले

**करंट क्राइम :** पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के अंतर्गत बीते लगभग ढाई सालों के दौरान आधा दर्जन से अधिक ऐसे मामले सामने आए हैं, जहां दुकान, होटल या किसी समारोह में कारीगरों द्वारा रोटी पर थूक लगाने का कृत्य किया गया है। इस मामले के जब वीडियो वायरल होते हैं तो पुलिस मामले का संज्ञान लेकर कार्रवाई करती है। पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में अब तक लोनी, मुरादनगर, मोदीनगर, टीलामोड़, खोड़ा कॉलोनी, घंटाघर कोतवाली और विजयनगर थानाक्षेत्र में इस तरीके की घटनाएं सामने आ चुकी हैं, जिन पर पुलिस द्वारा कार्रवाई की गई।

## नमो भारत ट्रेन में यात्रा करने के लिए एनसीएमसी या नमो भारत ऐप का उपयोग कर अर्जित करें लॉयल्टी पॉइंट्स

### लॉयल्टी पॉइंट्स रिडीम करें और पाएं नमो भारत ट्रेनों में मुफ्त यात्रा का अवसर!



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** नमो भारत के यात्री अपने लॉयल्टी पॉइंट्स रिडीम करके मुफ़्त यात्रा का आनंद ले सकते हैं। एनसीआरटीसी द्वारा हाल ही में शुरू किए गए लॉयल्टी पॉइंट्स प्रोग्राम के तहत, यात्री नमो भारत ऐप के माध्यम से डिजिटल क्यूआर टिकट जनरेट करके या नेशनल कॉमन मोबिलिटी कार्ड (एनसीएमसी) का उपयोग करके यात्रा करने पर हर बार लॉयल्टी पॉइंट अर्जित करते हैं। एनसीएमसी या नमो भारत ऐप का उपयोग करके यात्रा पर खर्च किए गए प्रत्येक रुपये पर एक लॉयल्टी पॉइंट मिलता है, जिसमें प्रत्येक पॉइंट का मूल्य रु. 0.10 (10 पैसे) होता है। न्यूनतम 300 लॉयल्टी पॉइंट्स जमा करके यात्री, उन्हें मुफ़्त यात्रा के लिए रिडीम कर सकते हैं। लॉयल्टी प्रोग्राम के तहत, एनसीएमसी कार्ड का उपयोग करने वाले यात्रियों के एकत्रित पॉइंट्स, प्रत्येक परिचालन दिवस के अंत में यात्री के एनसीएमसी खाते में जमा किए जाते हैं। इन पाइंट्स को यात्री अगले दिन चैक कर सकते हैं। उदाहरण के लिए, यदि कोई यात्री अपनी यात्रा पर रु. 100 खर्च करता है, तो उसे रु. 10 के बराबर 100 पॉइंट मिलते हैं, जो उसके एनसीएमसी खाते में जुड़ जाते हैं। एक बार पर्याप्त पॉइंट्स जमा करने के बाद यात्री उसे रिडीम कर सकते हैं। यात्रियों को बार-बार पाइंट्स रिडीम करने में






असुविधा का सामना न करना पड़े, इसके लिए एक साथ 5 ट्रिप्स रिडीम कराने का भी प्रावधान रखा गया है। इन पाँच ट्रिप्स के किराए के बराबर पाइंट्स यात्रियों के एनसीएमसी अकाउंट्स से काट लिए जाएँगे। रिडीम कर प्राप्त की गई यात्राएँ 7 दिनों के लिए वैध रहती हैं, जिसका अर्थ है कि यदि पाँच-ट्रिप पास रिडीम किया गया है, तो सभी पाँच ट्रिप्स का उपयोग 7 दिनों की निर्धारित समय सीमा के भीतर कर लिया जाना चाहिए। एनसीएमसी का उपयोग करने वाले यात्री टिकट वेंडिंग मशीन (टीवीएम), टिकट रीडर या टिकट काउंटर पर अपने संचित पॉइंट्स की जांच कर सकते हैं। नमो भारत ट्रेनों में यात्रा करने के लिए यात्री देश के किसी भी मेट्रो या परिवहन प्राधिकरण या वित्तीय संस्थान द्वारा जारी किए गए किसी भी एनसीएमसी कार्ड का उपयोग कर सकते हैं। यह व्यवस्था सेवा के संचालन के पहले दिन से ही लागू है।

नमो भारत ऐप का उपयोग कर डिजिटल क्यूआर टिकट जनरेट करने वाले यात्रियों के लिए, लॉयल्टी पॉइंट्स की जाँच करना और उसे रिडीम करना और भी सरल है। ऐप के अकाउंट सेक्शन में पॉइंट्स प्रदर्शित होते हैं, और बस एक क्लिक द्वारा इसे रिडीम किया जा सकता है। लॉयल्टी पॉइंट्स विकल्प का चयन करके और रिडीम चुनकर, यात्री अपना टिकट बुक कर सकते हैं, जिसमें उनके चुने हुए स्टेशनों के बीच लगने वाले किराए के बराबर पॉइंट्स, संचित पाइंट्स में से काट लिए जाएँगे। इससे संबंधित कोई भी जानकारी प्राप्त करने के लिए यात्री ऐप के 'माई अकाउंट' सेक्शन में 'नमो भारत' सेगमेंट के अंतर्गत एफएक्यू सेक्शन देख सकते हैं।

#### लॉयल्टी प्रोग्राम का उद्देश्य यात्रियों को लाभ पहुंचाना

**करंट क्राइम।** इस पहल का उद्देश्य न केवल यात्रियों को वित्तीय लाभ प्रदान करना है, बल्कि पेपरलेस टिकटिंग के साथ यात्रा को सुव्यवस्थित बनाना और एक स्वच्छ, सतत भविष्य में योगदान देना भी है। लॉयल्टी प्रोग्राम नमो भारत ट्रेनों के नियमित यात्रियों को लाभ पहुँचाने के लिए डिजाइन किया गया है, जिससे उन्हें हर यात्रा के साथ बचत का लाभ प्रदान किया जाए। नमो भारत के नियमित यात्री, प्रत्येक यात्रा के साथ एकत्रित लॉयल्टी बोनस को अनलॉक कर उसे किफायती बना सकते हैं।

#### आरामदायक यात्रा के लिए डाउनलोड करें नमो भारत मोबाइल ऐप

**करंट क्राइम।** यात्रियों के अधिक कुशल और आरामदायक यात्रा अनुभव के लिए उन्हे नमो भारत मोबाइल ऐप डाउनलोड करने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है। ऐप के हर नए उपयोगकर्ता को एप डाउनलोड करने पर रु. 50 (500 लॉयल्टी पॉइंट्स के बराबर) मिलते हैं। इसके अतिरिक्त, उपयोगकर्ता दूसरों को ऐप रेफर करके अतिरिक्त 500 लॉयल्टी पॉइंट्स भी कमा सकते हैं। रेफर करने वाले और रेफरी दोनों को रु. 50 (500 लॉयल्टी पॉइंट के बराबर) मिलेंगे, जो उनके संबंधित खातों में जमा किए जाएँगे। अर्जित किए गए सभी लॉयल्टी पॉइंट्स क्रेडिट की तारीख से एक वर्ष के लिए वैध हैं, जो नियमित, सतत यात्रा और ऐप के साथ निरंतर जुड़ाव को बढ़ावा देते हैं। नमो भारत ऐप गूगल प्ले स्टोर और एप्पल एप स्टोर दोनों पर डाउनलोड के लिए उपलब्ध है।

#### यात्रा को सुगम बनाने के लिए एनसीआरटीसी की अच्छी पहल

**करंट क्राइम।** ये यात्री-केंद्रित पहल नमो भारत यात्रियों के लिए किफायती, सुविधाजनक और समग्र यात्रा अनुभव को बेहतर बनाने की एनसीआरटीसी की निरंतर प्रतिबद्धता को उजागर करती हैं। ये आधुनिक, ज़िम्मेदार और कुशल परिवहन को बढ़ावा देने वाले अभिनव समाधानों को लागू करने के प्रति एनसीआरटीसी के समर्पण को भी दर्शाते हैं।

संपादकीय

# जनता की उम्मीदों पर खरा उतरना सबसे बड़ी चुनौती

भाजपा के नेतृत्व वाली दिल्ली सरकार को कोई छब्बीस साल बाद बजट पेश करने का मौका मिला है। इसमें उन सभी संकल्पों को धरातल पर उतारने का प्रयास है, जिनकी चर्चा वह चुनाव के दौरान या उससे पहले करती आई है। जनता से किए वादों की कसौटी पर यह बजट कितना साकार होगा, यह भविष्य बताएगा। फिलहाल नई सरकार ने पिछले वर्ष से कहीं अधिक, एक लाख करोड़ रुपए का बजट पेश कर अपना इरादा जता दिया है कि वह आने वाले समय में कैसी दिल्ली बनाना चाहती है।

गौरतलब है कि इस बार का बजट परिव्यय 31.5 फीसद अधिक है। मगर सवाल यह है कि इस बढ़ी हुई राशि की व्यवस्था सरकार कहां से और कैसे करेगी। अलबत्ता उसने स्पष्ट कर दिया है कि वह दिल्ली को आत्मनिर्भर बनाने के साथ इसके बुनियादी ढांचे में बदलाव लाएगी। इसके लिए उसने बिजली-पानी और सड़क-सीवर सहित दस क्षेत्रों पर अपना ध्यान केंद्रित किया है। वहीं वायु प्रदूषण से निपटने के लिए तीन सौ करोड़ का आबंटन कर साफ कर दिया है कि उसे नागरिकों की चिंता है। इसी के साथ यमुना सफाई की दिशा में कदम बढ़ाते हुए उसने अपना वादा निभाने की कोशिश की है।


वर्षों से भाजपा उठाती रही है मुद्दा दिल्ली सरकार के इस बजट में हर वर्ग को तरजीह देने का प्रयास दिखता है। इस बार पूंजीगत व्यय को दोगुना किया गया है। मगर इस खर्च की पूर्ति कैसी होगी, सरकार ने स्पष्ट नहीं किया है। दिल्ली में महिलाओं की सुरक्षा हमेशा गंभीर मुद्दा रही है। इसके लिए पूरी दिल्ली में पचास हजार सीसीटीवी कैमरे लगाने के साथ बस यात्रा के लिए महिलाओं को कार्ड जारी करने की पहल उचित ही है। बॉडी के ये 8 अंग चीख-चीख कर बताते हैं शरीर में तेजी से हो रही है गड़बड़ी, कोई अनहोनी हो इससे पहले इन्हें पहचान कर करें उपाय लोकसभा से पास हुआ फाइनेंस बिल 2025, इस पुराने टैक्स की कहानी खत्म महंगाई को देखते हुए सांसदों की सुविधाओं में 24 फीसदी की वृद्धि, किसी जनप्रतिनिधि को जीवन भर पेंशन का हक क्यों इस बजट में सरकार ने कुछ लक्ष्य तय किए हैं। यह एक बड़ा दायित्व है। भाजपा वर्षों से दिल्ली के लिए कई मुद्दे उठाती आई थी। अब उसे साकार करने का अवसर मिला है। अगर वह दिल्ली को वादों के अनुरूप शहर बना पाती है, तो यह वाणिज्य और निवेश के लिहाज से भी महत्त्वपूर्ण बन जाएगा। इन सबके बावजूद सरकार को अपने वादे पूरे करने के लिए जनता की उम्मीदों पर खरा उतरने की चुनौती रहेगी।

# शेयर बाजार में सात दिनों से जारी बढ़त पर ब्रेक

## सेंसेक्स 729 अंक टूटा, निफ्टी 23500 के नीचे

**नई दिल्ली।** घरेलू शेयर बाजार के बेंचमार्क सूचकांक बुधवार को लाल निशान पर बंद हुए। सेंसेक्स में पिछले सात दिनों में 4,189 अंकों की बढ़त के बाद गिरावट दर्ज की गई। इसके साा ही लगातार सात दिनों से जारी बढ़त पर विराम लग गया। आइए जानते हैं शेयर बाजार का पूरा हाल।

घरेलू शेयर बाजार के बेंचमार्क सूचकांक पिछले सात दिनों की बढ़त के बाद बुधवार को लाल निशान पर बंद हुए। तीस शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 728.69 अंक या 0.93 प्रतिशत गिरकर 77,288.50 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह 822.97 अंक या 1.05 प्रतिशत गिरकर 77,194.22 अंक पर आ गया। एनएसई निफ्टी 181.80 अंक या 0.77 प्रतिशत गिरकर 23,486.85 पर आ गया। अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया 3 पैसे बढ़कर 85.69 (अनंतिम) के स्तर पर बंद हुआ।




### बैंकिंग और आईटी शेयरों में मुनाफावसूली

बैंकिंग और आईटी शेयरों में मुनाफावसूली के चलते बेंचमार्क शेयर सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी में सात दिन से जारी तेजी थम गई और ये बुधवार को करीब एक प्रतिशत की गिरावट के साथ बंद हुए। पिछले सात कारोबारी दिनों में बीएसई बेंचमार्क इंडेक्स 4,188.28 अंक या 5.67 फीसदी उछला। इसी अवधि में निफ्टी 1,271.45 अंक या 5.67 फीसदी चढ़ा।

### सेंसेक्स के 30 शेयरों का हाल

सेंसेक्स में शामिल शेयरों में एनटीपीसी, टेक महिंद्रा, जोमैटो, एक्सिस बैंक, बजाज फाइनेंस, इंफोसिस, मारुति, भारतीय स्टेट बैंक, कोटक महिंद्रा बैंक, रिलायंस इंडस्ट्रीज, हिंदुस्तान यूनिलीवर और एचडीएफसी बैंक शामिल हैं। इंडसइंड बैंक, एचसीएल टेक, टाइटन, महिंद्रा एंड महिंद्रा और पावर ग्रिड लाभ में रहे। एशियाई बाजारों में सियोल, टोक्यो और हांगकांग सकारात्मक दायरे में बंद हुए, जबकि शंघाई में गिरावट रही। यूरोपीय बाजार गिरावट के साथ बंद हुए। मंगलवार को अमेरिकी बाजार बढ़त के साथ बंद हुए।

### एनएसई के टॉप लूजर्स शेयर

जियोजित इन्वेस्टमेंट्स लिमिटेड के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, ₹अगले सप्ताह अमेरिका द्वारा टैरिफ की घोषणा किए जाने के बाद हाल की बढ़त के बाद बाजार में मुनाफावसूली देखी गई। फार्मा और आईटी जैसे अमेरिकी बाजार में अधिक निवेश वाले क्षेत्रों में कुछ बिकवाली का दबाव देखा गया।

### एफआईआई ने 5371.57 करोड़ रुपये मूल्य की इक्विटी खरीदी

एक्सचेंज के आंकड़ों के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने मंगलवार को 5,371.57 करोड़ रुपये मूल्य की इक्विटी खरीदी। वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड 0.58 प्रतिशत बढ़कर 73.44 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया।

बीएसई का सेंसेक्स 32.81 अंक या 0.04 प्रतिशत की बढ़त के साथ 78,017.19 अंक पर बंद हुआ था। निफ्टी 10.30 अंक या 0.04 प्रतिशत की बढ़त के साथ 23,668.65 अंक पर बंद हुआ था।

# कारोबारियों को गेहूं के स्टॉक की हर हफ्ते देनी होगी जानकारी

## सरकार ने आधरिकारिक बयान जारी किया

**नई दिल्ली।** सरकार ने एक व्यापक रणनीति के तहत एक अप्रैल से सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के व्यापारियों, थोक विक्रेताओं, खुदरा विक्रेताओं और प्रसंस्करणकताओं के लिए गेहूं के स्टॉक की साप्ताहिक रिपोर्टिंग अनिवार्य कर दी है। सरकार ने खाद्य सुरक्षा के प्रबंधन और बाजार में कालाबाजारी को रोकने के लिए बड़ा कदम उठाया है। सरकार ने एक व्यापक रणनीति के तहत एक अप्रैल से सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के व्यापारियों, थोक विक्रेताओं, खुदरा विक्रेताओं और प्रसंस्करणकताओं के लिए गेहूं के स्टॉक की साप्ताहिक रिपोर्टिंग अनिवार्य कर दी है।



एक आधिकारिक बयान के अनुसार, निर्देश के तहत, सभी कानूनी संस्थाओं को अगली सूचना तक हर शुक्रवार को सरकार के ऑनलाइन पोर्टल पर अपने गेहूं स्टॉक की स्थिति घोषित करनी होगी। वर्तमान में गेहूं की स्टॉक सीमा 31 मार्च को समाप्त हो रही है। खाद्य व सार्वजनिक वितरण विभाग कीमतों को नियंत्रित करने और पूरे देश में गेहूं की निरंतर उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए खुलासों पर बारीकी से नजर रखेगा। बयान के अनुसार, जो संस्थाएं अभी तक पोर्टल पर पंजीकृत नहीं हुई हैं, उनसे आग्रह किया गया है कि वे तुरंत ऐसा करें और अपनी साप्ताहिक स्टॉक रिपोर्टिंग शुरू करें।

# पूर्व ईडी चीफ संजय कुमार मिश्रा को बड़ी जिम्मेदारी

## पीएम की आर्थिक सलाहकार परिषद में शामिल



**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय के पूर्व प्रमुख संजय कुमार मिश्रा को बुधवार को प्रधानमंत्री की आर्थिक सलाहकार परिषद (ईएसी-पीएम) में शामिल किया गया। उत्तर प्रदेश से 1984 बैच के भारतीय राजस्व सेवा (आईआरएस) अधिकारी मिश्रा को सचिव के पद पर नियुक्त किया गया है। ईएसी-पीएम एक स्वतंत्र निकाय है जिसका कार्य प्रमुख आर्थिक मुद्दों पर प्रधानमंत्री को पूरी जानकारी प्रदान करना और सलाह देना है।

2018 में पहली बार ईडी प्रमुख के रूप में नियुक्त किए गए मिश्रा को एजेंसी का नेतृत्व करते समय केंद्र की ओर से कई बार सेवा विस्तार दिया गया था। बाद में सुप्रीम कोर्ट ने उनके तीसरे और अंतिम विस्तार को अवैध घोषित करार दिया था। ईएसी-पीएम एक स्वतंत्र निकाय है जिसका गठन भारत सरकार, विशेष रूप से प्रधानमंत्री को आर्थिक और संबंधित मुद्दों पर सलाह देने के लिए किया गया है। इसके वर्तमान अध्यक्ष अर्थशास्त्री सुमन बेरी हैं। नवंबर 2024 में इसके पूर्व अध्यक्ष बिबेक देबरॉय की मृत्यु के बाद निकाय में एक पद रिक्त हो गया था

मिश्रा के कार्यकाल में ईडी पर लगा सरकार पक्ष में काम करने का आरोप मिश्रा के कार्यकाल के दौरान ईडी ने कई हाई-प्रोफाइल लोगों और राजनेताओं की जांच की।

### ईएसी-पीएम के पूर्णकालिक सदस्य के रूप में करेंगे काम

जारी एक सरकारी आदेश में कहा गया कि आयकर कैडर के 1984 बैच के भारतीय राजस्व सेवा (आईआरएस) अधिकारी मिश्रा प्रधानमंत्री की ओर से उनकी नियुक्ति को मंजूरी दिए जाने के बाद ईएसी-पीएम के पूर्णकालिक सदस्य के रूप में काम करेंगे। आदेश में कहा गया है कि मिश्रा को पदभार ग्रहण करने की तिथि से भारत सरकार के सचिव के पद और वेतन पर नियुक्त किया गया है, जो पुनर्नियोजित सरकारी अधिकारियों पर लागू सामान्य नियमों और शर्तों के अनुसार होगा।

# मनी लॉन्ड्रिंग व अवैध वित्तपोषण पर बोले गवर्नर


## नियम ऐसे हों जो वित्तीय समावेशन को नुकसान न पहुंचाएं'

**नई दिल्ली।** नीति निमार्ता ध्यान रखें कि धन शोधन गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए उठाए गए कदमों से अति उत्साहित न हों और वैध निवेशों को बाधित न करें।₹ प्राइवेट सेक्टर कोलैबोरेटिव फोरम 2025 के उद्घाटन समारोह में बोलते हुए भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर संजय मल्होत्रा ने यह बात कही। मल्होत्रा ने कहा कि केंद्रीय बैंक वित्तीय प्रणालियों को धन शोधन और आतंकवादी वित्तपोषण से सुरक्षित बनाने के लिए लगातार काम कर रहा है। मुंबई में आयोजित निजी क्षेत्र के



सहयोगात्मक फोरम में वित्तीय कार्रवाई कार्य बल (एफएटीएफ) के अध्यक्ष की उपस्थिति में बोलते हुए गवर्नर ने कहा प्रौद्योगिकी ने कारोबार को और अधिक आसान बना दिया है। इसने मनी लॉन्ड्रिंग और अवैध वित्तपोषण के नए और बहुत ही परिष्कृत तरीकों के इजाद को भी बढ़ावा दिया है। उन्होंने कहा कि इसे ध्यान में रखते हुए जोखिम मूल्यांकन मॉडल को परिष्कृत और बेहतर बनाने की आवश्यकता है। अपने संबोधन में गवर्नर मल्होत्रा ने कहा कि विनियमनों को वित्तीय समावेशन में अनपेक्षित अवरोध नहीं पैदा करना चाहिए। मल्होत्रा ने कहा, ₹हमें उचित परिश्रम की आवश्यकताओं को पूरा करते हुए ग्राहकों के अधिकारों और सुविधा का ध्यान रखना चाहिए। गवर्नर मल्होत्रा ने कहा कि मनी लॉन्ड्रिंग के उभरते परिदृश्य को देखते हुए, नियामकों को उचित प्रणाली संवर्द्धन करने के लिए कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) और मशीन लर्निंग (एमएल) के जोखिम मूल्यांकन ढांचे को लगातार मजबूत बनाने की आवश्यकता होगी। उन्होंने केंद्रीय बैंकों से वित्तीय दुनिया में नवीनतम रुझानों और विकास को समझने का भी आग्रह किया, जिसका आपराधिक तत्वों द्वारा फायदा उठाया जा सकता है।

# रोचक तथ्यों का करंट



- एक हैकर एक तस्वीर से जर्मन रक्षा मंत्री के फिंगरप्रिंट को फिर से बनाने में सक्षम था। यह वही हैकर है जिसने आईफोन 5 एस के रिलीज के 24 घंटे के भीतर ऐप्पल के थंबप्रिंट सत्यापन को हरा दिया था।
- विलियम हर्शेल 2 किसी अनुबंध/कॉन्ट्रैक्ट पर फिंगरप्रिंट का उपयोग करने वाला पहला व्यक्ति था। इसके अलावा, वह खगोलविद जॉन हर्शेल का बेटा था जिसने फोटोग्राफी का आविष्कार किया, जो कि अन्य चीजों के साथ यूरेनस के खोजकर्ता विलियम हर्शेल का पुत्र भी था।
- संयुक्त राज्य अमेरिका में ₹मारिजुआना/गाँजा वेंडिंग मशीन₹ हैं जो निर्धारित उपयोगकताओं को मारिजुआना के औषधीय खुराक को प्राप्त करने के लिए अपने फिंगरप्रिंट स्कैन करने की अनुमति देती हैं।
- Adermatoglyphia एक बीमारी है जिसकी वजह से लोग फिंगरप्रिंट के बिना पैदा होते हैं। लेकिन यह बहुत दुर्लभ है, जो दुनिया भर में केवल चार ज्ञात विस्तारित परिवारों को ही प्रभावित करती है।
- कुवैत में दुनिया की सबसे पुरानी फिंगरप्रिंट पाषाण युग से मेल खाने वाले टूटे हुए मिट्टी के बर्तन के टुकड़े पर खोजी गई थी। यह फिंगरप्रिंट 7,300 साल पुराना है।
- क्या आप जानते हैं? ऐप्पल का आईफोन टच आईडी एक जीवित और मृत व्यक्ति के फिंगरप्रिंट के बीच एक अंतर बता सकती है, इसलिए यदि आप मर चुके हैं तो कोई भी आपकी टच आईडी का उपयोग करके अपने आईफोन में नहीं पहुंच पाएगा।

# राशिफल

**मेष :** भूले-बिसरे साथियों से मुलाकात होगी। व्यय होगा। उत्साहवर्धक सूचना प्राप्त होगी। किसी मांगलिक कार्य में शामिल होने का अवसर प्राप्त हो सकता है।

**वृष :** यात्रा लाभदायक रहेगी। बेरोजगारी दूर करने के प्रयास सफल रहेंगे। भेंट व उपहार की प्राप्ति होगी। जोखिम व जमानत के कार्य टालें।

**मिथुन :** चोट व दुर्घटना आदि से हानि के योग हैं। अत: किसी भी काम को करते समय लापरवाही न करें। स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा। वाणी पर नियंत्रण रखें।

**कर्क :** डूबा हुआ धन प्राप्त हो सकता है। व्यावसायिक यात्रा मनोनुकूल रहेगी। बेरोजगारी दूर होगी। कारोबार में वृद्धि के योग हैं।

**सिंह :** नए कारोबारी अनुबंध हो सकते हैं। दूर से काम मिल सकता है। आर्थिक नीति में सुधार होगा। योजना फलीभूत होगी।

**कन्या :** तंत्र-मंत्र में रुचि जागृत होगी। सत्संग का लाभ प्राप्त होगा। आय में वृद्धि होगी। राजकीय सहयोग प्राप्त होगा। रुके कामों में गति आएगी।

**तुला :** चोट व दुर्घटना से हानि संभव है। जोखिम व जमानत के कार्य टालें। किसी भी तरह के विवाद में न पड़ें। बोलचाल में हल्केपन को न वापरें।

**वृश्चिक :** स्वास्थ्य का ध्यान रखें। व्यस्तता रहेगी। शत्रु पस्त होंगे। नौकरी में सहकर्मी साथ देंगे। व्यापार-व्यवसाय ठीक चलेगा।

**धनु :** संपत्ति के बड़े सौदे बड़ा लाभ दे सकते हैं। उन्नति के मार्ग प्रशस्त होंगे। कारोबार में वृद्धि होगी। बेरोजगारी दूर करने के प्रयास सफल रहेंगे।

**मकर :** पठन-पाठन व लेखन इत्यादि काम सफल रहेंगे। पार्टी व पिकनिक का आनंद प्राप्त होगा। स्वादिष्ट व्यंजनों का आनंद मिलेगा। निवेश शुभ रहेगा।

**कुंभ :** दूर से कोई बुरी खबर मिल सकती है, धैर्य रखें। किसी अपने ही व्यक्ति से बिना कारण विवाद को हो सकता है। दौड़धूप अधिक रहेगी।

**मीन :** नौकरी में कोई नया काम कर पाएंगे। उच्चाधिकारी प्रसन्न रहेंगे। मान-सम्मान मिलेगा। कारोबार में वृद्धि के योग हैं। भाग्य का साथ मिलेगा। निवेश शुभ रहेगा।

# चुटकुले

एक बार बंता को जोर-जोर से रोता हुआ
देख संता ने उस से पूछा;
संता- तुम क्यों रो रहे हो?
बंता- मेरे पड़ोसी रामू का हाथी मर गया है!
संता- तो तुम क्यों रो रहे हो, क्या तुम उस हाथी से बहुत प्यार करते थे?
बंता- नहीं!
संता- तो फिर तुम क्यों रो रहे हो?
बंता- मुझे उसकी कब्र खोदने का काम मिला है!

---

मोनू- डॉक्टर साहब 2 साल पहले मुझे बुखार आया था तो आपने नहाने के लिये मना किया था !!!
डॉक्टर- तो अब क्या?
मोनू- आज इधर से गुजर रहा था तो सोचा कि पूछता चलू ..अब नहा लूं क्या ?

---

संता- अगर तुम्हें गर्मी लगती है तो क्या करते हो?
बंता- मैं कूलर के पास जाकर बैठ जाता हूं।
संता- अगर फिर भी गर्मी लगती है तो क्या करते हो?
बंता- तो फिर मैं कूलर चालू कर लेता हूं!

# 27 03 2025 करंट क्राइम

सेलेब्रिटी जन्मदिन

## जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं

## आज के जन्मदिन



श्रुति राज (अभिनेत्री), बेनजीर आमिर खान, नवाय, काव्या बैंसला, मोनिका राज

शिवकेश मिश्रा, अरूण लोधी, अवतार, बलराम कुमार, भानू शिशौदिया

रवि शर्मा, गोपाल कुमार, ललित शर्मा, मनीष कुमार, गौरव यादव

मोनू खटीक, नदीम सलीम, पवन पंडित, सानू, रिंकू मोंगा, मयंक कौशिक

**सूचना :** आप भी अपने जन्मदिन को विशेष बना सकते हैं। अपना फोटो नाम के साथ हमें नीचे लिखे ईमेल पर भेजें। हम उसे दैनिक करंट क्राइम में स्थान देंगे।
**Email : currentcrimenews@gmail.com**

प्रिय पाठकों,
आप भी हमें भेज सकते हैं अपनी लिखी हुई कविता, चुटकुले, विचार, आर्टिकल या शहर से जुड़ी हुई कोई भी समस्या। हम उसे प्रमुखता से प्रकाशित करेंगे।

करंट क्राइम
K-4, A-Block, Govindpuram Commercial Area, Near LG Showroom, Ghaziabad, Mob 09899655497
Email: currentcrimenews@gmail.com
Website: www.currentcrime.com

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक मनोज कुमार ने ए.जी.एस. पब्लिकेशन, एफ-23, सैक्टर-6, नोएडा-201301 (गौतमबुद्धनगर) उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय 'करंट क्राइम' बी-2बी/295, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 से प्रकाशित किया। R.N.I NO. DELHIN/2015/65364

सम्पादक : मनोज कुमार
समाचार संपादक दीपक भाटी

संरक्षक : राकेश यादव, विवेक भाटी

दैनिक करंट क्राइम
समाचार पत्र में किसी भी तरह के डिस्प्ले एवं वर्गीकृत विज्ञापन (खोया-पाया, संबंध-विच्छेद, कोर्ट नोटिस, जीडीए सूचना, नाम परिवर्तन) आदि के लिए निम्न फोन नंबर एवं पते पर संपर्क करें।
संपर्क : के-2, ए ब्लॉक, कॉमर्शियल मार्केट, गोविन्दपुरम, गाजियाबाद
मो. : 9818606318 (हरीश कुमार)
8630290003 (विष्णु गुप्ता)

# सुनील कुमार ने एशियाई कुश्ती चैंपियनशिप में जीता कांस्य पदक, चीनी पहलवान को दी मात



**नई दिल्ली।** भारतीय पहलवान सुनील कुमार ने एशियाई कुश्ती चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीता। 87 किग्रा ग्रीको रोमन वर्ग के कांस्य पदक मुकाबले में सुनील ने चीन के जियाजिन हुआंग को मात दी। सुनील इससे पहले सेमीफाइनल में हार गए थे जिसके बाद उन्होंने कांस्य के लिए मुकाबला खेला।

### सेमीफाइनल में ईरानी प्रतिद्वंद्वी से हारे थे सुनील

2019 में रजत पदक जीतने वाले सुनील पुराना जादू बिखेरने में सफल रहे। उन्होंने क्वार्टर फाइनल में तजाकिस्तान के सुखरोब अब्दुलखाएव को 10-1 से हराया। सेकेंड पीरियड में उन्होंने सभी अंक हासिल किए थे। हालांकि, सेमीफाइनल में ईरान के यासिन याजदी के खिलाफ सुनील को 1-3 से हार का सामना करना पड़ा और वह फाइनल में जगह नहीं बना सके।

### अन्य मैचों के नतीजे

वहीं, 77 किग्रा वर्ग का क्वालिफिकेशन बाउट जीतने वाले सागर ठकरान क्वार्टर फाइनल में जॉर्डन के आमरो सादेह से 10-0 से हार गए। सादेह ने इस तरह सेमीफाइनल में जगह बनाई। हार के बाद सागर को अपने प्रतिद्वंद्वी के सेमीफाइनल मैच के नतीजे पर निर्भर रहना होगा। अन्य मैचों में उमेश (63 किग्रा) क्वालिफिकेशन में हार गए, जबकि नितिन (55 किग्रा) और प्रेम (130 किग्रा) भी क्वालिफिकेशन दौर से बाहर हुए।

# वैशाख के शानदार डेथ ओवर्स ने दिलाई पंजाब को जीत

## आईपीएल में गुजरात को 11 रन से हराया; कप्तान श्रेयस ने 97 रन बनाएं



**अहमदाबाद।** पंजाब किंग्स ने डेथ ओवर्स में बेहतरीन बैटिंग और बॉलिंग के दम पर गुजरात टाइटंस को 11 रन से हरा दिया। क्ढछ में नए कप्तान श्रेयस अय्यर के साथ उतरी पंजाब ने 5 विकेट खोकर 243 रन बनाए। जवाब में गुजरात ने भी 232 रन बना दिए, लेकिन ये स्कोर जीत के लिए काफी नहीं रहा।

आखिरी 6 ओवर में गुजरात को 76 रन चाहिए थे। यहां इम्पैक्ट प्लेयर बनकर वैशाख बॉलिंग करने आए। उन्होंने 15वें और 17वें ओवर में महज 10 रन खर्च किए और गुजरात पर दबाव बढ़ा दिया। आईपीएल डेब्यू करने उतरे प्रियांश ने पंजाब को तेज शुरूआत दिलाई। उन्होंने 7 चौके और 2 छक्के लगाकर महज 23 गेंद पर 47 रन बना दिए। नंबर-6 पर बैटिंग करने उतरे शशांक ने महज 16 गेंद पर 44 रन की पारी खेली। उन्होंने आखिरी ओवर में भी 5 चौके लगाकर 22 रन बनाए और टीम को 243 तक पहुंचाया। अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में मंगलवार को गुजरात ने बॉलिंग चुनी। पंजाब से श्रेयस ने नाबाद 97 रन बनाए, उनके साथ शशांक सिंह ने 44 और प्रियांश आर्या ने 47 रन की पारी खेली। गुजरात से साई किशोर ने 3 विकेट लिए। साई सुदर्शन ने 74, जोस बटलर ने 54, शेरफन रदरफोर्ड ने 46 और कप्तान शुभमन गिल ने 33 रन बनाए।

टॉस हारकर पहले बैटिंग करने उतरी पंजाब किंग्स ने चौथे ओवर में पहला विकेट गंवा दिया। यहां कप्तान श्रेयस बैटिंग करने आए। उन्होंने पहली गेंद पर ही चौका लगा दिया। उन्होंने स्कोरिंग रेट तेज बनाए रखा। श्रेयस ने 9 छक्के और 5 चौके लगाकर 97 रन बनाए। उनकी पारी ने ही टीम को बड़े स्कोर तक पहुंचाने में मदद की।

गुजरात से लेफ्ट आर्म स्पिनर साई किशोर फाइट दिखाते नजर आए। पंजाब ने 12.50 के रन रेट से स्कोर किया, लेकिन साई ने महज 7.50 की इकोनॉमी से रन खर्च किए। इतना ही नहीं उन्होंने 3 अहम विकेट भी लिए। हालांकि, उन्हें दूसरे एंड पर किसी का साथ नहीं मिला।

# विश्व शतरंज चैंपियन डी गुकेश पर भी है धोनी का प्रभाव, बताया किस तरह दबाव झेलने में मिलती है मदद



**नई दिल्ली।** भारतीय टीम और चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी से खेल जगत के कई लोग प्रभावित होते रहे हैं और इस लिस्ट में विश्व शतरंज चैंपियन डी गुकेश का नाम भी शामिल है। गुकेश शतरंज बोर्ड पर शांत रवैये के लिए जाने जाते हैं और धोनी भी कैप्टन कूल के नाम से प्रसिद्ध हैं। 43 साल के धोनी फिलहाल आईपीएल 2025 में हिस्सा ले रहे हैं। गुकेश ने शतरंज में दबाव झेलने का श्रेय धोनी को दिया है।

### गुकेश बोले- धोनी का उनके दृष्टिकोण पर प्रभाव पड़ा

पिछले साल गुकेश ने डिंग लिरेन के खिलाफ विश्व चैंपियनशिप के मुकाबले में गुकेश ने दबाव की स्थिति में शांत रहने का परिचय दिया था। पहला गेम हारने के बाद गुकेश ने शानदार तरीके से वापसी की थी और लिरेन को अंतिम गेम तक संघर्ष करना पड़ा था। गुकेश ने बताया कि कैसे धोनी को दबाव से निपटते और मैदान पर अपने खिलाड़ियों को नियंत्रित करते हुए देखने से शतरंज के प्रति उनके दृष्टिकोण पर प्रभाव पड़ा है।

गुकेश ने कहा, जब भी कोई दबाव वाला पल आता है, तो मैं सोचता हूं कि धोनी ने ऐसी परिस्थिति में इतने दबाव को कैसे संभाला होगा। इन चीजों ने मुझे शांत रहने में बहुत मदद की है। मुझे लगता है कि धोनी ने एक साक्षात्कार में कहा था, सरल चीजें करते रहो, जब परिस्थिति बहुत कठिन हो तो दिमाग स्पस्ट रखो। शतरंज में कठिन परिस्थितियों का सामना करते समय मैं अपने भीतर वही शांति लाने की कोशिश करता हूं। धोनी को इतनी बार देखने के बाद इसका मुझ पर बहुत प्रभाव पड़ा है।

### धोनी के बड़े प्रशंसक हैं गुकेश

गुकेश विश्व कप विजेता कप्तान धोनी के बड़े प्रशंसक हैं और अब वह सीएसके के इस लीजेंड खिलाड़ी से जीवन के सबक सीख रहे हैं। गुकेश ने चेन्नई के एमए चिदंबरम स्टेडियम में सीएसके साथ विशेष बातचीत की। गुकेश ने इस दौरान बताया कि किस तरह उन पर और उनके खेल पर धोनी का प्रभाव है। गुकेश ने कहा, धोनी के एक खिलाड़ी हैं जिनकी मैं हमेशा प्रशंसा करता हूं। कैसे वे किसी भी चीज पर प्रतिक्रिया नहीं करते। कैसे वे किसी भी परिस्थिति में शांति से सोचने में सक्षम हैं। सबसे ज्यादा दबाव वाले क्षणों में, वे शांति से सोचने में सक्षम हैं। मैं यह सब देखते हुए बड़ा हुआ हूं। मुझे लगा कि मुझे अपने खेल में भी इसे अपनाना चाहिए। गुकेश ने कहा, इस तरह से धोनी ने मुझे वाकई प्रेरित किया है। मैं चीजों पर ज्यादा प्रतिक्रिया नहीं देता। मैं दबाव झेलने में भी सक्षम हूं। इस मामले में धोनी ने मेरे करियर में मेरी काफी मदद की है। न केवल एक प्रेरणा के रूप में बल्कि मेरे खेल में भी।

चेन्नई के इस खिलाड़ी ने बताया कि 2011 वनडे विश्व कप के फाइनल में धोनी को विजयी छक्का लगाते देखना माही के करियर का उनका सबसे पसंदीदा पल है। गुकेश ने कहा, किसी भी भारतीय के लिए 2011 वनडे विश्व कप के फाइनल में विजयी छक्का बहुत महत्व रखता है और मेरे दिमाग में भी यह हमेशा रहता है। कोई भी इस पल से बड़ा नहीं हो सकता।

# इस साल भारत आएगी अर्जेंटीना की फुटबॉल टीम लियोन मेसी भी होंगे शामिल, प्रदर्शनी मैच में लेंगे हिस्सा



**नई दिल्ली।** भारतीय फुटबॉल प्रशंसकों लियोन मेसी और अर्जेंटीना टीम को खेलते देखने का मौका मिलेगा। फीफा विश्व कप की विजेता टीम अर्जेंटीना और स्टार फुटबॉलर मेसी इस साल अक्तूबर में केरल में प्रदर्शनी मैच खेलने के लिए भारत आएंगे। मेसी का 14 साल बाद यह पहला भारत दौरा होगा।

### अक्तूबर में होगा मुकाबला

पिछले साल नवंबर में केरल के खेल मंत्री वी अब्दुरहीमान ने बताया था कि अर्जेंटीना की टीम कोच्चि में दो प्रदर्शनी मैच खेलने के लिए राज्य का दौरा करेगी। अर्जेंटीना टीम की आधिकारिक पार्टनर ने बुधवार को बताया कि यह मुकाबला अक्तूबर में आयोजित होगा। इसका उद्देश्य भारत में फुटबॉल को बढ़ावा देना है।

आधिकारिक पार्टनर द्वारा रिलीज में कहा गया, इस साझेदारी के तहत अर्जेंटीना की राष्ट्रीय फुटबॉल टीम जिसमें लियोन मेसी भी शामिल होंगे, वे अक्तूबर 2025 में अंतरराष्ट्रीय प्रदर्शनी मैच के लिए भारत का दौरा करेंगे। अर्जेंटीना फुटबॉल संघ और एसएसबीसी इंडिया ने भारत और सिंगापुर के लिए एक साल का पार्टनरशिप करार किया है। इसके तहत 2025 विश्व कप क्वालिफिकेशन के फाइनल मैच को देखते हुए प्रतिस्पर्धी सीजन को कवर करना शामिल है।

अर्जेंटीना फुटबॉल संघ के अध्यक्ष क्लाउडियो फेबियन तापिया ने कहा, एएफए के अंतरराष्ट्रीय विस्तार के लिए एक नई उपलब्धि है। यह समझौता हमारी टीम के लिए महत्वपूर्ण है और हम 2025 और 2026 में प्रगति करते हुए अपने समझौते को मजबूत करने की आशा करते हैं।

### मेसी 2011 में भारत आए थे

मेसी पहली बार सितंबर 2011 में भारत आए थे। उन्होंने उस वक्त कोलकाता में वेनेजुएला के खिलाफ विश्व कप के क्वालिफाइंग राउंड में हिस्सा लिया था। अर्जेंटीना ने सॉल्टलेक स्टेडियम खेले गए उस मुकाबले में 1-0 से जीत दर्ज की थी। एसएसबीसी इंडिया के इंटरनेशनल वेल्थ प्रमुख संदीप बात्रा ने कहा, हम फुटबॉल की दुनिया की सबसे प्रतिष्ठित टीमों में से एक के साथ जुड़ रहे हैं, इसलिए हम प्रशंसकों के लिए महत्वपूर्ण अनुभव प्रदान करने और विश्व कप 2026 की ओर अर्जेंटीना टीम के अभियान में उनका समर्थन करने के लिए तत्पर हैं।

# हिमाचल की शिल्पा की कप्तानी में भारत ने जीता कबड्डी का विश्व कप



**नई दिल्ली।** भारतीय कबड्डी का परचम फिर विश्व स्तर पर लहराया है। इंग्लैंड में खेले गए कबड्डी वर्ल्ड कप-2025 में भारत की पुरुष और महिला टीमों ने मेजबान इंग्लैंड को हराकर चैंपियन बनने का गौरव हासिल किया। खास बात यह है कि भारतीय महिला टीम की कमान मंडी के बल्ह विधानसभा क्षेत्र के चक्कर गांव की शिल्पा भारद्वाज के पास रही। जिन्होंने अपनी कप्तानी में टीम को ऐतिहासिक जीत तक पहुंचाया। भारतीय महिला टीम ने फाइनल मुकाबले में इंग्लैंड को 57-34 से मात दी, जबकि पुरुष टीम ने रोमांचक मुकाबले में 44-41 से जीत दर्ज की।

महिला टीम में बिलासपुर की मीनाक्षी भी शामिल रहीं। जिन्होंने अपने शानदार खेल से टीम की जीत में अहम योगदान दिया। शिल्पा भारद्वाज की कप्तानी और मीनाक्षी के दमदार प्रदर्शन ने हिमाचल प्रदेश का नाम फिर पूरे विश्व में चमकाया है। प्रदेश के खेल प्रेमियों के लिए यह दोहरी खुशी है कि बेटियां इस जीत में अहम भूमिका निभाने में सफल रहीं। पूर्व मुख्यमंत्री और नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने इस जीत पर खिलाड़ियों को बधाई दी।

# आईपीएल की तरह महिला प्रीमियर लीग में भी बढ़ेगी टीमों की संख्या?




**नई दिल्ली।** महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) ने पिछले तीन वर्षों में काफी सुर्खियां बटोरी है, इसलिए इस बात की चर्चा जोरों पर रहती है कि क्या भविष्य में इस लीग में टीमों की संख्या बढ़ेगी? आईपीएल में पहले आठ टीमें खेलती थी, लेकिन 2022 से इसकी संख्या बढ़कर 10 हो गई थी। इसी तर्ज पर डब्ल्यूपीएल में भी टीमों की संख्या बढ़ाने पर जोर दिया जाता रहा है। आईपीएल के चेयरमैन और डब्ल्यूपीएल समिति के सदस्य अरुण धूमल ने इसे लेकर स्थिति स्पष्ट की है।

### मुंबई इंडियंस ने जीता था खिताब

डब्ल्यूपीएल में अभी भी घरेलू और बाहर का प्रारूप लागू नहीं है, जैसा कि आईपीएल में होता है। बीसीसीआई ने इस सीजन डब्ल्यूपीएल के मैचों की मेजबानी बड़ौदा, लखनऊ, मुंबई और बंगलुरू को सौंपी थी। मुंबई इंडियंस ने इस सीजन फाइनल में दिल्ली कैपिटल्स को हराकर तीन साल में अपना दूसरा खिताब जीता था। इसे मीडिया अधिकार 951 करोड़ रुपये में बिके थे जो महिला लीग में दूसरा सर्वोच्च आंकड़ा है।

### डब्ल्यूपीएल की लोकप्रियता से खुश हैं धूमल

धूमल का कहना है कि भले ही डब्ल्यूपीएल काफी विकसित हुआ है, लेकिन फिलहाल इसमें टीमों की संख्या बढ़ाने का विचार नहीं किया गया है। डब्ल्यूपीएल में फिलहाल पांच टीमें हिस्सा लेती हैं। डब्ल्यूपीएल समिति की अध्यक्षता भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के अध्यक्ष रोजर बिन्नी करते हैं। बोर्ड की योजना थी कि तीन सत्र के बाद डब्ल्यूपीएल में टीम की संख्या बढ़ाई जाए, लेकिन फिलहाल इसे लेकर बोर्ड जल्दबाजी में नहीं है।

धूमल ने कहा, फिलहाल इस टूर्नामेंट को और विकसित करने के लिए, हम किसी भी टीम को शामिल करने से पहले इसे मजबूत करना चाहते हैं। इसमें अतिरिक्त टीम जोड़ने का कोई तत्कालिक प्लान नहीं है। तीन सत्रों में डब्ल्यूपीएल ने शानदार विकास किया है। स्टेडियम में भीड़ भी देखने मिली और सभी ब्रॉडकास्टर के आंकड़े भी प्रेरित करने वाले हैं। इससे दुनिया भर में महिला क्रिकेट को बल मिला है। हमें उम्मीद है कि यह लीग आगे भी विकसित होगी और यह ना सिर्फ टूर्नामेंट, बल्कि महिला क्रिकेट के लिए भी फायदेमंद होगी।

**तीन सत्रों में डब्ल्यूपीएल ने शानदार विकास किया है। स्टेडियम में भीड़ भी देखने मिली और सभी ब्रॉडकास्टर के आंकड़े भी प्रेरित करने वाले हैं। इससे दुनिया भर में महिला क्रिकेट को बल मिला है।**

इस सीजन महिला प्रीमियर लीग के मुकाबलों में स्टेडियम पर अच्छी भीड़ दिखी थी। टूर्नामेंट का मुख्य उद्देश्य भारत में महिला क्रिकेट को विकसित करना और ज्यादा से ज्यादा प्रतिभाओं की खोज करना है। इस मोर्चे पर प्रतिस्पर्धा में सुधार की काफी गुंजाइश है।

# यूपी राज्य बास्केटबॉल चैंपियनशिप के सेमीफाइनल में पहुंचीं ये टीमें



**बरेली।** बरेली के फरीदपुर स्थित मानस स्थली आवासीय विद्यालय में चल रही 23वीं यूथ यूपी राज्य बास्केटबॉल चैंपियनशिप के तीसरे दिन नॉकआउट, प्री-क्वार्टर, क्वार्टर फाइनल मुकाबले खेले गए। प्रतियोगिता में प्रदेश की 43 टीमों के 600 खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया। इसमें लखनऊ, मेरठ, बुलंदशहर, गौतमबुद्ध नगर और ट्रिपल टीएसी ने सेमीफाइनल में प्रवेश किया। प्रतियोगिता से मेजबान बरेली की टीम बाहर हो गई है।

बालिका वर्ग में बीएलडब्लू ने कानपुर देहात को 21-06 से, आगरा ने अलीगढ़ को 45-10 से, मेरठ ने हापुड़ को 38-08 से, गाजियाबाद ने प्रयागराज को 34-18 से मात देकर प्रतियोगिता से बाहर किया। वहीं बालक वर्ग में गोरखपुर ने मुरादाबाद को 61-41 से, गौतम बुद्ध नगर ने कानपुर को 45-31 से, ट्रिपल टीएसी ने हापुड़ को 52-22 से, बनारस वाराणसी ने प्रयागराज को 28-20 से, मेरठ ने झांसी को 40-20 से, गाजियाबाद ने मिजार्पुर को 45-37 से, बीएलडब्लू ने बागपत को 66-32 से, लखनऊ ने आगरा को 39-35 से पराजित किया।

### क्वार्टर फाइनल मुकाबलों के परिणाम

क्वार्टर फाइनल मुकाबलों में बालिका वर्ग में लखनऊ ने बीएलडब्लू को 50-42 से, मेरठ ने वाराणसी को 67-44 से, बुलंदशहर ने गाजियाबाद को 35-18 से, गौतमबुद्ध नगर ने आगरा को हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाई। बालक वर्ग में मेरठ ने गाजियाबाद को और ट्रिपल टीएसी ने वाराणसी को हराकर सेमीफाइनल में स्थान पक्का किया।

# अंतिम समय में भारतीय मुक्केबाजी महासंघ के चुनाव टले, वार्षिक आम बैठक स्थगित हुई



**नई दिल्ली।** भारतीय मुक्केबाजी महासंघ (बीएफआई) ने अंतिम समय में अपने चुनाव टाल दिए हैं। बीएफआई ने बताया कि दिल्ली और हिमाचल प्रदेश हाईकोर्ट द्वारा संस्था को निर्वाचक मंडल से हटाए जाने के कारण समय सीमा में चुनाव की प्रक्रिया पूरी करना असंभव है। बीएफआई के बहुप्रतिक्षित चुनाव 28 मार्च को महासंघ की वार्षिक आम बैठक (एजीएम) के दौरान होने थे।

### एजीएम के दौरान होने थे चुनाव

बीएफआई ने अपने सदस्य इकाइयों को एक अधिसूचना में कहा, 'आपको सूचित किया जाता है कि बीएफआई की वार्षिक आम बैठक स्थगित कर दी गई है जो 28 मार्च 2025 को होने वाली थी।' मालूम हो कि महासंघ के चुनाव एजीएम के दौरान ही होने थे।

**बीएफआई ने हिमाचल हाईकोर्ट के फैसले को चुनौती दी थी, लेकिन मंगलवार को अपील खारिज कर दी गई।**

दिल्ली हाईकोर्ट ने बीएफआई को चुनाव कराने के लिए कहा था, जबकि हिमाचल प्रदेश हाईकोर्ट ने महासंघ को पूर्व खेल मंत्री अनुराग ठाकुर की उम्मीदवारी के लिए नामांकन की तारीख बढ़ाने का निर्देश दिया था जिन्हें सात मार्च के आदेश के बाद अयोग्य घोषित कर दिया गया था। बीएफआई ने हिमाचल हाईकोर्ट के फैसले को चुनौती दी थी, लेकिन मंगलवार को अपील खारिज कर दी गई।

चुनाव में पहले ही कई विलंब हो चुके हैं और ये विवादों का सामना कर रहे हैं। मूल रूप से चुनाव दो फरवरी से पहले होने थे। भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) द्वारा एक तदर्थ समिति नियुक्त करने के बाद ही बीएफआई ने कार्रवाई शुरू की और इस कदम को राष्ट्रीय महासंघ ने दिल्ली हाईकोर्ट में चुनौती दी थी जिसने बाद में तदर्थ पैनल पर रोक लगा दी थी।

# आईसीसी अध्यक्ष जय शाह ने फीफा प्रमुख इंफेंटिनो से की मुलाकात, ग्रीस में आईओसी सत्र के दौरान मिले



**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के चेयरमैन जय शाह ने ग्रीस के कोस्टा नावरिनो में 144वें अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी) सत्र के दौरान फुटबॉल की वैश्विस संस्था फीफा के अध्यक्ष जियानी इंफेंटिनो से मुलाकात की। इंफेंटिनो ने जय शाह के साथ मुलाकात की तस्वीर इंस्टाग्राम पर शेयर की है। इंफेंटिनो ने पोस्ट में लिखा, आईसीसी के अध्यक्ष और शानदार प्रशासक जय शाह से मिलकर मुझे बहुत खुशी हुई। 2023 आईसीसी क्रिकेट विश्व कप के दौरान भारत का दौरा करने के बाद मैं क्रिकेट के प्रति वहां के लोगों के अविश्वसनीय जुनून और खेल को आगे बढ़ाने के लिए जय शाह द्वारा किए गए शानदार काम से वाकिफ हूं। मैं आपके मिशन के लिए शुभकामनाएं देता हूं और क्रिकेट को और अधिक वैश्विक बनाने के लिए मिलकर काम करने और सहयोग करने के लिए तत्पर हूं। इस साल जनवरी में शाह ने आईओसी के अध्यक्ष थॉमस बाक से लुसाने में मुलाकात की थी। इस दौरान दोनों के बीच लॉस एंजिलिस 2028 ओलंपिक में क्रिकेट को शामिल करने पर चर्चा हुई थी। बाक का कार्यकाल इस साल 23 जून में खत्म हो रहा है। उनकी जगह क्रिस्टी कोवेंट्री आईओसी की नई अध्यक्ष चुनी गई हैं।

# वसुंधरा योजना के समझौते का पालन न होने से रोष में किसान

## किसान प्रतिनिधियों ने दिया ज्ञापन



**साहिबाबाद, करंट क्राइम।** उत्तर प्रदेश आवास विकास परिषद वसुंधरा योजना के द्वारा समझौते का पालन ना करने की वजह से रोष में आए 6 गाँव के विस्थापित किसान। 6 गाँव के विस्थापित किसानों के प्रतिनिधियों के द्वारा ज़िला अधिकारी को दिया ज्ञापन। कहा, सालों से आवास विकास परिषद के किसान चक्कर लगा रहे हैं परंतु परिषद के द्वारा समझौते का पालन नहीं किया जा रहा है, जिस वजह से 6 गाँव के विस्थापित किसानों में भारी रोष है। अगर आवास विकास के द्वारा अब भी समझौते का पालन नहीं किया गया तो मजबूरन 6 गाँव के किसान धरना प्रदर्शन व आमरण अनशन करेंगे जिसकी समस्त ज़िम्मेदारी स्थानीय प्रशासन व आवास विकास की होगी। इस मौके पर मौजूद रहे अध्यक्ष सतीश नागर, वरिष्ठ उपाध्यक्ष बलराम सिंह, महासचिव आदेश त्यागी, उपाध्यक्ष आशीष कौशिक, रिंकु शर्मा, सचिव ओमप्रकाश नागर, प्रवक्ता श्रीचंद नागर व अन्य लोग।

### अव्यवस्था



साहिबाबाद (करंट क्राइम)। लोगों ने सोशल मीडिया पर लिखा कि मन बहुत दुखी होता है, अब आप सब तय करें कि इनके खिलाफ किया कार्रवाई होनी चाहिए। यह वीडियो वार्ड 79 इन्दिरापुरम न्याय खंड एक सेंट्रल पार्क का है, अब देखिए नगर निगम सीवर सफाई करके गंदे पानी का टैंक खाली भी कॉलोनी के बीचों बीच बने पार्क में कर रहे हैं। इनसे सीवर सफाई या गंदगी सफाई तो ठीक से होती नहीं और कॉलोनी के बीचो-बीच गंदगी बढ़ाकर डेंगू महामारी को न्योता दे रहे हैं।

# योगी सरकार के 8 वर्ष पूरे होने पर जिलाध्यक्ष चैनपाल सिंह ने गिनाईं उपलब्धियां




**मोदीनगर (करंट क्राइम)।** योगी सरकार के 8 साल पूरे होने पर योगी सरकार की 8 साल की उपलब्धियों को बखान करते हुये क्षेत्रीय विधायक ने लाभार्थियों को मकान की चाबी भी सौपी। पार्टी के जिलाध्यक्ष चैनपाल सिंह ने भाजपा सरकार की अनेक उपलब्धियों को गिनवाते हुये डबल इंजन सरकार की जमकर प्रशंसा की और कहा कि आज प्रदेश में अमन शांती के प्रतीक के रूप में भाजपा को देखा जा रहा है।

नगर पालिका चैयरमैन व विधायक डॉ0 मंजू शिवच ने संयुक्त रूप से कहा कि उत्तर प्रदेश के साथ-साथ दिल्ली से सटे मोदीनगर में तेजी से विकास हुआ। इस दौरान कार्यक्रम में पूर्व जिलाध्यक्ष दिनेश सिंघल, सत्यवीर सिंह राघव, सतेन्द्र त्यागी, स्वदेश जैन, शहर अध्यक्ष आकाश शर्मा, ललीत त्यागी, नवीन जायसवाल, नरेश अमराला, विजय बाल्मीकी, अमित सिंघल, साहित त्यागी, संजय भदौला, मंयक शर्मा आदि मौजूद रहें। कार्यक्रम के उपरान्त जिलाध्यक्ष चैनपाल सिंह ने पूर्व जिलाध्यक्ष दिनेश सिंघल के आवास पर शिष्टाचार मुलाकात की। इस दौरान सतेन्द्र त्यागी, नरेश अमराला, देवेन्द्र डायमण्ड, हेमंत पालीवाल, टेंपाल पवार, नितिन मित्तल, गन्नू सिंह त्यागी, महेश कश्यप, नितिन जिंदल, शिव अग्रवाल, मुकेश गुप्ता आदि मौजतूद रहें।

## बिजली विभाग का कॉमर्शियल मीटर चोरी, मामला दर्ज

**मोदीनगर (करंट क्राइम)।** एक व्यवसाई के गोदाम के बाहर लगे बिजली विभाग के कर्मिशियल मीटर चोरी होने का मामला सामने आया हैं। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया हैं।




गाजियाबाद निवासी अमित कुमार ने थाने में दर्ज कराई रिपोर्ट में आरोप लगाया है कि उनका गांव विधापुर मार्ग पर गोदाम है, उसका बिजली विभाग की ओर से कर्मिशियल मीटर हाल ही में 16 मार्च को लगा था, मीटर की अनियमिता को लेकर शिकायत भी की थी, लेकिन सोमवार को उसका कॉर्मिशियल मीटर चोरी हो गया। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी हैं।

## विधायक डॉ. मंजू शिवाच ने उठाई जनसुविधाओं की मांग



**मोदीनगर (करंट क्राइम)।** विधायक डॉ0 मंजू शिवाच ने निवाडी रोड स्थित शूटिंग रेंज पर युवाओं के लिये टैज्क निर्माण के साथ ही व्यायाम शाला व सौंदर्यकरण की मांग को प्रमुखता से उठाया है। साथ ही उन्होने तहसील के रजिस्ट्री विभाग में जनसुविधाओं की उपेक्षा को देखते हुये अधिकारियों से उसे सुसज्जित कराने की मांग रखी हैं। विधायक डॉ0 मंजू शिवाच ने लखनऊ में आयोजित हुई प्राकल्न समिति की स्टाम्प एवं रजिस्ट्रेशन विभाग, आवास एवं शहरी नियोजन विभाग की बैठक में भाग लिया, ओर जीडीए की ओर से बने शूटिंग रेंज में एक टैज्क का निर्माण, इंडोर गेम्स के लिये एक हॉल का निर्माण व इसका सौंदर्यकरण कराने की मांग को प्रमुखता से उठाया। विधायक शिवाच ने बताया कि तहसील के निबंधन विभाग के जरिये प्रतिवर्ष करोड़ो रूपयो का राजस्व प्रदेश सरकार को प्राप्त होता है, लेकिन रजिस्ट्री कराने आने वाले लोगों के लिये ना तो पीने के पानी की उचित व्यवस्था है ओर ना ही बैठने की व्यवस्था है। उन्होने जनसुविधाओं को देखते हुये मूलभूत सुविधाओं के साथ ही निबंधन कार्यालय में निर्माण कार्य कराकर उसका सौंदर्यकरण करने की मांग भी उठाई हैं।

## हादसा: फरहान की मौत के 15 दिन बाद भी न्याय की आस अधूरी, दोषी अब तक फरार



**मोदीनगर (करंट क्राइम)।** 11 मार्च 2025 को थाना मोदीनगर क्षेत्र में एक बेरहम ट्रैक्टर-ट्रॉली ने फरहान पुत्र फुरकान को कुचल दिया था, जिसके बाद उसकी दर्दनाक मौत ने परिवार को तोड़कर रख दिया। एफआई आर नंबर 0172/2025 दर्ज होने के बावजूद 15 दिन बाद भी आरोपी चालक की गिरफ्तारी नहीं हुई, जिससे पीड़ित परिवार में आक्रोश और निराशा बढ़ती जा रही है। आज 26 मार्च 2025 को आजाद समाज पार्टी के कोर कमेटी सदस्य अफजल अहमद सैफी के नेतृत्व में डीसीपी ग्रामीण महोदय को ज्ञापन सौंपा गया। आंसुओं से भरी आँखों के साथ मृतक के बीमार पिता फुरकान और परिवार के अन्य सदस्य माजिद, निसार, साजिद, बाबू, आसिफ मलिक, सरताज, मोहसिन, साजिद मलिक, उम्मेद, इमरान आदि मौजूद रहे। छह बहनों का इकलौता भाई फरहान अब इस दुनिया में नहीं, और परिवार की उम्मीदें टूट चुकी हैं। डीसीपी ग्रामीण ने तत्काल कार्रवाई के लिए थानाध्यक्ष मोदीनगर को सख्त निर्देश दिए।

## क्षत्रिय समाज ने समाजवादी नेता के खिलाफ जताया विरोध

### संसद सदस्यता खत्म व गिरफ्तार करने की मांग



**मोदीनगर (करंट क्राइम)।** संसद में समाजवादी पार्टी के राज्यसभा सांसद रामजी लाल सुमन की महाराणा सांगा पर की गई टिप्पणी के खिलाफ आक्रोश बढ़ रहा है। क्षत्रिय समाज ने सपा सांसद के खिलाफ तहसील में महामहीम राष्ट्रपति के नाम एसडीएम को ज्ञापन देकर संसद सदस्यता खारिज करने व गिरफ्तार करने की मांग की है। क्षत्रिय समाज के लोगों ने महामहीम राष्ट्रपति के नाम संबोधित ज्ञापन एसडीएम को सौपते हुये विरोध दर्ज कराया, ओर कहा कि सपा सांसद का बयान पूरी तरह झूठा और अपमानजनक है। इस मौके पर सोनू ठाकुर, भव्य सिसोदिया, गुलशन राजपूत मुरादनगर, अजय चैहान, मनोज चैहान, डॉ0 मनोज चैहान, सुनील राजपूत, प्रवीण राजपूत, खुशाल सिंह नेगी, एसएम सिंह राठौर, प्रताप कठेरिया, अरुण तोमर, मुकेश चैहान, बलदेव सिंह, मेहताब चैहान, मोहन पुंडीर, बाबू सिंह, तन्मय सिसोदिया, सुशील सोम, जोशील ठाकुर, रूप सिंह, महेंद्र चैहान आदि लोग मौजूद रहे।

## सुरक्षा एवं सुशासन से प्रदेश में उद्योग व व्यापार में बढ़ोतरी : व्यापारी सुरक्षा फोरम संस्थान

### व्यापारी वर्ग सदा राष्ट्र का हितैषी : अशोक कुमार गोयल





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** सहारनपुर नगर में बुधवार को व्यापारी सुरक्षा फोरम संस्थान की व्यापारी सुरक्षा प्रतिनिधि सम्मेलन में संबोधित करते हुए राष्ट्रीय संयोजक अशोक कुमार गोयल ने कहा कि व्यापारी वर्ग सदा राष्ट्र का हितेषी है, व्यापारी का संदेश सर्वोपरि भारत देश हमेशा रहा है। उत्तर प्रदेश में पिछले 8 वर्षों में योगी के कार्यकाल में उद्योग व व्यापार के विकास के लिए गुंडा मुक्त सुरक्षा का माहौल मिला है। प्रदेश में ओडीओपी योजना से प्रत्येक जनपद के घरेलू उद्योगों को विकास की गति मिली है। इन्वेस्टर समिट में 40 लाख करोड़ रुपए के उद्योग लगाने के लिए अनुबंध से प्रदेश विशिष्ट तरक्की के तरफ बढ़ चुका है। व्यापारी को सुरक्षा जीएसटी विभाग द्वारा 10 लख रुपए दुर्घटना बीमा उद्योग विभाग द्वारा रुपए 5 लाख छोटे व्यापारी को भी दुर्घटना बीमा, इंफ्रास्ट्रक्चर एवं सर्वांगीण विकास से प्रदेश में निरंतर व्यापार बढ़ रहा है।

सम्मेलन को संस्था के महामंत्री सच्चिदानंद शर्मा, पश्चिम क्षेत्र के कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष विजय कुमार गर्ग, आईपीएस प्रदेश महामंत्री प्रदीप कुमार विश्वकर्मा, जिला अध्यक्ष मुजफ्फरनगर विश्वदीप गोयल शामली, वैभव गर्ग, सहारनपुर महानगर प्रवीण छाबड़ा एवं कार्यक्रम के मुख्य संयोजक यशस्वी जिला अध्यक्ष सहारनपुर एवं प्रदेश वार्षिक उपाध्यक्ष नरेश धीमान ने इस कार्यक्रम में अपना संबोधन दिया।

## एक्सप्रेसवे पर दूसरे दिन भी जली कार, 2 भाइयों ने कूदकर बचाई थी जान



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** एक्सप्रेस पर कार धू धू कर जल उठी। इस दौरान अफरा तफरी का माहौल मच गया। कार को क्रेन से खींचकर ले जाया जा रहा था, जहां कार के टायरों में आग लग गई। देखते ही देखते आग ने पूरी कार को चपेट में ले लिया। इस दौरान क्रेन भी चपेट में आने से बच गई। मंगलवार रात भी मसूरी थाना क्षेत्र में कार आग का गोला बन गई थी। टायरों ने आग पकड़ी और आग का गोला बनी कार कविनगर थाना क्षेत्र के दिल्ली मेरठ एक्सप्रेसवे पर क्रेन के द्वारा खराब बलेनो कार को दिल्ली कि तरफ ले जाया जा रहा था। तभी अचानक दिल्ली – मेरठ एक्सप्रेस वे पर बलेनो गाड़ी के टायरों में अचानक से आग लगनी शुरू हो गई। देखते ही देखते पूरी गाड़ी में आग लग गई। इस दौरान आसपास के वाहन भी चपेट में आ सकते थे। बाद में फायर बिग्रेड की एक गाड़ी ने आग पर काबू पाया।

## आगामी पंचायत चुनावों को लेकर राजनीतिक सरगर्मियां तेज

**मोदीनगर (करंट क्राइम)।** आगामी पंचायत चुनावों को लेकर मोदीनगर के गांवो में राजनीतिक सरगर्मियां तेज हो गई हैं। हालांकि अभी चुनाव की आधिकारिक तारीखों की घोषणा नहीं हुई है लेकिन ग्राम प्रधान पद से लेकर जिला पंचायत के संभावित उम्मीदवार अभी से सक्रिय हो गए हैं। सूत्रों की माने तो 2025 में पंचायत चुनाव मई जून में होने की संभावना को देखते हुए दावेदारों ने अभी से जनसंपर्क अभियान शुरू कर दिया है। प्रधान पद के इच्छुक उम्मीदवार गांव के वोटरों से मिलने जुलने और उनका हालचाल जानने में जुटे हुए हैं। कई गांवो में छोटी-छोटी बैठकों का दौर भी शुरू हो गया है।

इन बैठकों में प्रमुख रूप से हर पार्टी का स्थानीय नेता शामिल हो रहे हैं। ये सभी नेता अपनी दावेदारी की जुगत में है। मोदीनगर पालिका के विस्तारीकरण के बाद गांव सीकरीकला, सीकरीखुर्द बिशोखर में चुनाव नही होगें, लेकिन कई गांवो का आधा हिस्सा पालिका के अधीन आ चुका है, लेकिन गांव गदाना, शाहजहांपुर, खंजरपुर, शकूरपुर, भोजपुर, मछरी, विधापुर, साफाबाद, किल्हौडा, नाहली, त्योड़ी-13 बिस्वा सहित दर्जनों गांवों में चुनाव को लेकर सरगर्मिया तेज हो गयी हैं। उधर, ग्रामीणों का मानना है कि इस बार मोदीनगर पालिका के विस्तारीकरण के चलते कई गावों के पालिका में शामिल होने के कारण जिला पंचायत वार्डों का नये सिरे से परिसीमन होगा।

जिसके तहत कई वार्डो में गांव बढेगें भी ओर घट भी सकते है। इसे लेकर भी प्रत्याशी असमंजस की स्थिति में हैं। बाबजूद दोवदारों ने अभी से ही लोगों के बीच बैठके करनी शुरू कर दी है और मतदाताओं के मन को टटौलने का काम शुरू कर दिया है।




## नवरात्रि में क्या करेगी नारी शक्ति इस बार

पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में हर नवरात्रि में महिला सशक्तिकरण का नया संदेश दिया जाता है। सबसे पहले जहां गाजियाबाद पुलिस कमिश्नरेट में पिंक बूथ की शुरूआत हुई। तो फिर इन पिंक बूथ पर परिवार परामर्श केंद्रों को भी शुरू किया गया। अब देखना होगा कि इस बार नवरात्रि के दौरान सरकार और पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले के अधिकारी कौन सा नया कार्य शुरू करते हैं। वैसे बता दें कि पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद सिस्टम में इन दिनों थानों से लेकर सर्किल तक महिला सशक्तिकरण का डंका बजता है। वहीं पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में शीर्ष से लेकर थानों की कमान और चौकियों पर प्रभार महिला शक्ति के हाथों में है। उधर पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सूत्र बता रहे हैं कि जिस तरीके से पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में महिला शक्ति के नाम सर्किल बढ़ रहे हैं। उससे कहीं ना कहीं पुरुष अधिकारियों की भी टेंशन और अटेंशन बढ़नी शुरू हो गई है। उधर पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सूत्र बता रहे हैं कि आने वाले नवरात्रि के दिनों में 9 दिनों तक महिला थाना और महिला अपराध नियंत्रण को लेकर एसीपी स्तर के अधिकारी फील्ड पर उतारे जाएंगी।




वह इस बार कुछ नया प्लान और अभियान चलाएंगी। सुनने में आ रहा है कि सरकार की मंशा के अनुरूप दिशा–निर्देश दिया गया है कि सार्वजनिक स्थानों, मंदिरों और स्कूल–कॉलेजों के आसपास 9 दिन पुलिस विशेष निगरानी रखने का काम करेगी। यहां किसी भी प्रकार का महिला अपराध न हो और सार्वजनिक स्थानों पर महिला अपराध रोकने के कार्यक्रमों को आयोजित किया जाएगा। जिसकी कमान खुद महिला पुलिसकर्मियों के द्वारा ही संभाली जानी है। बता दें कि वैसे भी पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में समय–समय पर साइबर अपराध और महिला अपराध रोकने के लिए महिला सब इंस्पेक्टर के जरिए कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है लेकिन इस बार सरकार का निर्देश है कि नवरात्रि के 9 दिन कुछ अलग आयोजन और अलख जगाई जाए ताकि इसका संदेश जनता के बीच सकारात्मक के साथ जाए। सरकार महिला अपराध नियंत्रण और नारी सशक्तिकरण का संदेश भी देती चली आ रही है, इसीलिए इस बार नवरात्र पर पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में कौन सा नया अभियान और आयोजन होता है, यह देखने वाली बात रहेगी।

## चोरी की फुटेज आई सामने, पुलिस चोरों की पहचान कराने में जुटी

**मोदीनगर (करंट क्राइम)।** दो दिन पूर्व दिन दहाड़े घर के ताले तोड़कर की गई चोरी में शामिल लोगों की फुटेज सामने आई हैं। चार चोरों ने इस घटना को रैकी करने के बाद बिना नंबर की कार व बाईक से आकर अंजाम दिया हैं। पुलिस फुटेज में इस चोरी की घटना में शामिल लोगों के चेहरे पहचान कराने में जुट गयी हैं।

बताते चले कि ग्रीन पार्क कालोनी निवासी बृजमोहन अग्रवाल जब परिवार में हुई एक मौत के मामले में परिवार सहित दिल्ली गये थे, इस बीच चोरों ने उनके घर के पांच ताले तोडकर 50हजार की नगदी व सोने चांदी के जेवरात चुरा लिये। चोरी की इस घटना में जब पुलिस ने फुटेज खंगाली तो दिखाई दिया, कि पहले चोर कार से आये ओर इन चोरों ने पडोस की एक महिला से किराये के लिये मकान मिलने की बात पूछी। मकान पर ताला तोड़ने में जब दो युवक कामयाब नही हुये तो इन्होने अपने साथियों को बुलाया, साथी बाईक से आते हुये दिख रहे हैं, फिर इन चोरों ने घर खंगाला। फुटेज में कार पर नंबर नही है। पुलिस के हाथ कुछ फुटेज लगी है। पुलिस इन चेहरों फुटेज के आधार पर पहचानने के लिये जुटी हैं।

## तीन घंटे के विशेष अभियान में शराब पीने वाले 530 लोगो को पकड़ा

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** पुलिस ने सार्वजनिक स्थानों पर शराब पीने वालों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस कमिश्नरेट के तीनों जोन में तीन घंटे का विशेष अभियान चलाया गया। इस दौरान 530 लोगों को गिरफ्तार किया गया। पुलिस को लगातार शिकायतें मिल रही थीं कि कुछ लोग सार्वजनिक स्थानों पर शराब पीकर राहगीरों को परेशान कर रहे हैं। इसके बाद शहर, देहात और ट्रांस हिंडन जोन में यह अभियान चलाया गया। पकड़े गए सभी लोगों को थाने लाया गया। उनका मेडिकल कराने के बाद पुलिस एक्ट की धारा 34 के तहत चालान किया गया। डीसीपी सिटी राजेश कुमार के अनुसार, नगर जोन में कुल 216 लोगों पर कार्रवाई की गई। इनमें कोतवाली घंटाघर से 65, विजयनगर से 35, सिहानी गेट से 28, नंदग्राम से 40, कवि नगर से 23 और मधुबन बापूधाम से 25 लोग शामिल हैं। डीसीपी रूरल सुरेंद्र नाथ तिवारी ने बताया कि देहात जोन में 172 लोगों के खिलाफ कार्रवाई की गई। थाना लोनी से 36, ट्रॉनिका सिटी और अंकुर विहार से 8-8, लोनी बॉर्डर से 17, मसूरी से 19, मुरादनगर से 29, मोदीनगर से 16, निवाड़ी से 3, भोजपुर से 11, वेव सिटी से 6 और क्रॉसिंग रिपब्लिक से 19 लोगों को पकड़ा गया।



## सड़क किनारे मिली 10 माह की बच्ची पुलिस परिजनों की तलाश में जुटी

**हापुड़ (करंट क्राइम)।** हापुड़ के थाना बाबूगढ़ क्षेत्र में एक 10 माह की बच्ची को लावारिस हालत में पाया गया। बच्ची गढ़मुक्तेश्वर से पिलखुवा रोड के नए बाईपास पर बागड़पुर फ्लाइओवर की सर्विस रोड के किनारे लेटी हुई मिली। स्थानीय लोगों से पूछताछ की गई, लेकिन किसी ने भी बच्ची की पहचान नहीं की। बच्ची की सुरक्षा को देखते हुए उसे बागड़पुर के ग्राम प्रधान सुरेंद्र कुमार और उनकी परिजन गुड्डी की देखरेख में रखा गया है।



थाना प्रभारी विजय गुप्ता के अनुसार, बच्ची के परिजनों की तलाश की जा रही है। अभी तक कोई सुराग नहीं मिला है। बच्ची को चाइल्ड वेलफेयर कमेटी के समक्ष पेश किया जाएगा और आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

## शेयर मार्केट में निवेश का झांसा देकर व्यक्ति से 64 लाख रुपये ठगे

**नोएडा (करंट क्राइम)।** नोएडा के सेक्टर 22 निवासी के साथ साइबर ठगों ने बड़ी धोखाधड़ी की है। ठगों ने शेयर मार्केट में निवेश का झांसा देकर एक व्यक्ति से 64 लाख रुपये ठग लिए। मामला 31 जनवरी का है, जब पीड़ित गौरव मोहन को एक व्यक्ति ने वाट्सऐप पर कॉल किया। उसने खुद को डॉ. विवेक बताया और सेबी में रजिस्टर्ड शेयर मार्केट विशेषज्ञ होने का दावा किया। ठगों ने पहले दो दिन तक पीड़ित को फर्जी ट्रेडिंग ट्रेनिंग दी। फिर उससे 50 हजार रुपये का निवेश कराया। अगले दिन ठगों ने 8 हजार रुपये का मुनाफा देकर पीड़ित का विश्वास जीत लिया। ठगों ने पीड़ित को लालच दिया कि निवेश का दोगुना मुनाफा मिलेगा। साथ ही मूल राशि भी वापस होगी और कोई चार्ज नहीं लगेगा। इस झांसे में आकर पीड़ित ने कई किश्तों में कुल 64 लाख 30 हजार रुपये ट्रांसफर कर दिए। 24 फरवरी को जब पीड़ित ने अपनी राशि वापस मांगी, तो ठगों ने टैक्स जमा करने का दबाव बनाया। विरोध करने पर उसे जान से मारने की धमकी दी गई। इसके बाद पीड़ित को ठगी का एहसास हुआ और उसने साइबर पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराई। साइबर थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।




## नोएडा प्राधिकरण लगाएगा 3 पंप

### ईकोटेक थ्री में जलभराव की समस्या होगी दूर

**नोएडा (करंट क्राइम)।** ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने ईकोटेक थ्री में बरसात के दौरान होने वाली जलभराव की समस्या को हल करने की योजना बनाई है। प्राधिकरण आरसीसी ड्रेन और नालियों का चौड़ीकरण करवा रहा है। साथ ही वैकल्पिक व्यवस्था के रूप में 3 पंप भी लगाए जाएंगे। प्राधिकरण के एसीईओ सौम्य श्रीवास्तव ने इंडस्ट्रियल बिजनेस एसोसिएशन के साथ बैठक की। बैठक में महाप्रबंधक वित्त विनोद कुमार और ओएसडी नवीन कुमार सिंह भी मौजूद थे। एसोसिएशन के अध्यक्ष अमित उपाध्याय ने उद्यमियों की समस्याएं रखीं। एसीईओ ने ईकोटेक थ्री को मॉडल औद्योगिक सेक्टर बनाने के लिए एक समिति गठित करने का आश्वासन दिया। उन्होंने औद्योगिक सेक्टरों में अतिरिक्त डस्टबिन लगाने का भी वादा किया। स्पीड ब्रेकर बनाने और मार्किंग कराने के निर्देश परियोजना विभाग को दिए गए हैं। प्राधिकरण पेड़ों की छंटाई, मलबा हटाने और साफ-सफाई व्यवस्था को बेहतर बनाने पर भी काम करेगा। उद्यमियों ने सूरजपुर-कुलेसरा रोड के निर्माण कार्य शुरू होने पर प्राधिकरण का आभार जताया। यह सब प्रदेश सरकार के 8 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में औद्योगिक निवेश को बढ़ावा देने की पहल का हिस्सा है।



# हरित डिजिटल गलियारे पर साथ आए भारत और सिंगापुर, समझौते पर किए हस्ताक्षर

**सिंगापुर ।** इस समझौत से दोनों देश मिलकर ऐसी तकनीकी समाधान विकसित करेंगे जो जहाजों से निकलने वाली ग्रीनहाउस गैस का उत्सर्जन कम कर सकें।

सिंगापुर के समुद्री और बंदरगाह प्राधिकरण और बंदरगाह, पोत परिवहन मंत्रालय की ओर से जारी साझा बयान के मुताबिक, भारत-सिंगापुर जीडीएससी से दोनों देशों में सहयोग बढ़ेगा और शून्य या लगभग शून्य जीएचजी उत्सर्जन प्रौद्योगिकियों के विकास, इस्तेमाल तथा डिजिटल समाधानों को अपनाने में तेजी लाने में मदद मिलेगी। भारत के बंदरगाह, पोत व जलमार्ग मंत्री सबार्नंद सोनोवाल भी सिंगापुर की यात्रा पर हैं और उन्होंने इस समझौते को दोनों देशों को व्यापक रणनीतिक साझेदारी का हिस्सा बताया।



समझौते पर भारत की तरफ से संयुक्त सचिव आर, लक्ष्मणन और सिंगापुर की ओर से समुद्री-बंदरगाह प्राधिकरण प्रमुख तेओ इंग दिन्ह ने दस्तखत किए। मौके पर भारत से सोनोवाल और सिंगापुर से वहां की मंत्री एमी खोर मौजूद थे।

बंदरगाह, पोत परिवहन व जलमार्ग मंत्री सबार्नंद सोनोवाल ने कहा, यह व्यापक रणनीतिक साझेदारी दोनों देशों के बीच सहयोग को गहरा करेगी। वह तीन दिनी यात्रा (24 से 28 मार्च) के दौरान समुद्री सप्ताह में हिस्सा ले रहे हैं, जिसमें दुनिया भर से 20,000 प्रतिनिधि शामिल होंगे। आशय पत्र के तहत, दोनों पक्ष समुद्री

**भारत और सिंगापुर ने हरित डिजिटल शिपिंग गलियारे (जीडीएससी) के लिए एक समझौता किया है, जिससे समुद्री परिवहन को डिजिटलीकरण और पर्यावरण के अनुकूल बनाया जा सके। इस आशय पत्र (एलओआई) पर मंगलवार को हस्ताक्षर किए गए, जिसमें डिजिटलीकरण और कार्बन मुक्त परियोजनाओं पर ध्यान केंद्रित किया गया है**

डिजिटलीकरण और कार्बन मुक्त परियोजनाओं पर सहयोग करेंगे। इसमें उन प्रासंगिक हितधारकों की पहचान करना शामिल है जो इस प्रयास में योगदान दे सकते हैं। सूचना प्रौद्योगिकी में भारत आगे : खोर सिंगापुर की वरिष्ठ पर्यावरण राज्य मंत्री एमी खोर ने कहा, यह पहल समुद्री डिजिटल नवाचार व डीकार्बोर्नाइजेशन को आगे बढ़ाने के लिए समान विचारधारा के भागीदारों संग काम की प्रतिबद्धता दशार्ती है। भारत सूचना प्रौद्योगिकी में अग्रणी है, जिसमें हरित समुद्री ईंधन का एक प्रमुख निर्यातक बनने की क्षमता है।

# गाजा में दिखा चौंकाने वाला नजारा

## फलस्तीनियों ने हमास के खिलाफ किया प्रदर्शन

**काहिरा ।** गाजा पट्टी में युद्ध-विरोधी विरोध प्रदर्शन के दौरान फलस्तीनियों ने हमास के खिलाफ नारे लगाए। यह चरमपंथी समूह के खिलाफ सार्वजनिक आक्रोश का दुर्लभ मामला था। दावा किया जा रहा है कि संगठन ने लंबे समय से लोगों की असहमति को दबा रखा है। हमास इस्त्राइल के साथ 17 महीने से जारी जंग के बाद भी इस क्षेत्र पर शासन कर रहा है। इससे जुड़े वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे हैं। वीडियो में सैकड़ों लोगों को मंगलवार को उत्तरी शहर बेत लाहिया में भारी तबाही वाले युद्ध-विरोधी विरोध प्रदर्शन में भाग लेते हुए दिखाई दे रहे हैं। लोग 'युद्ध बंद करो', 'जंग खत्म करो', 'हमें जान नहीं देनी है' और 'हमारे बच्चों का खून सस्ता नहीं है' जैसे नारे लगा रहे थे। कुछ लोगों को यह कहते हुए सुना जा सकता था- 'हमास बाहर निकलो!'। अन्य वीडियो में हमास समर्थकों को भीड़ को तितर-बितर करते हुए दिखाया गया।



इस महीने की शुरूआत में इस्त्राइल ने गाजा के लगभग 2 मिलियन फलस्तीनियों को भोजन, ईंधन, दवा और मानवीय सहायता की आपूर्ति रोक दी थी। इस्त्राइल ने युद्ध को खत्म न करने की कसम खाई है, जब तक कि हमास उसके 59 बंधकों को वापस नहीं कर देता। हालांकि, इनमें महज 24 ही जिंदा बताए जा रहे हैं। इस्त्राइल की यह भी मांग है कि हमास अपना शासन खत्म करे, हथियार डाले और अपने नेताओं को निर्वासित करे। हालांकि, हमास ने कहा कि वह केवल फलस्तीनी कैदियों, एक स्थायी युद्ध विराम और गाजा से इस्त्राइल की वापसी के बदले में शेष बंदियों को रिहा करेगा।

जंग की शुरूआत हमास की ओर से 7 अक्तूबर, 2023 को इस्त्राइल पर किए गए हमले से हुई थी। इसमें लगभग 1,200 लोगों की जान गई थी।

# जाफर एक्सप्रेस पर हमले मामले में ताबड़तोड़ कार्रवाई, हमलावरों के चार मददगार गिरफ्तार

**इस्लामाबाद :** पाकिस्तान से जाफर एक्सप्रेस पर हुए हमले मामले में बड़ा अपडेट सामने आ रहा है। बलूचिस्तान पुलिस के आतंकवाद निरोधी विभाग (सीटीडी) ने चार संदिग्धों को गिरफ्तार किया है। उन पर 11 मार्च को बोलन जिले में जाफर एक्सप्रेस को हाईजैक करने और 400 से अधिक यात्रियों को बंधक बनाने में शामिल बलोच लड़ाकों की कथित तौर पर मदद करने का आरोप है।



### 11 मार्च को ट्रेन पर हुआ था हमला

दरअसल, 11 मार्च को प्रतिबंधित अलगाववादी संगठन बलूच लिबरेशन आर्मी (बीएलए) से जुड़े लड़ाकों ने 440 यात्रियों को ले जा रही जाफर एक्सप्रेस को हाईजैक कर लिया था। हमले में 18 सुरक्षाकर्मियों सहित 26 बंधकों की जान चली गई थी। सेना ने अगले दिन सभी 33 लड़ाकों को मार गिराया था और 354 बंधकों को बचा लिया था। तब से बलूचिस्तान में कई हमले हो चुके हैं। पूछताछ के लिए हिरासत में लिया गया रिपोर्ट के मुताबिक, कानून प्रवर्तन एजेंसियों के वरिष्ठ अधिकारियों की एक संयुक्त टीम जाफर एक्सप्रेस पर हमले की जांच कर रही है। इन चारों संदिग्धों को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया गया है। सूत्रों के हवाले से बताया गया कि हमलावरों की पहचान के प्रयास भी जारी हैं। हमले में मारे गए लड़ाकों के अवशेष फॉरेंसिक साइंस एजेंसी को भेजे गए हैं। हमलावरों की ओर से इस्तेमाल किए गए हथियार और संचार उपकरणों को जब्त कर लिया गया है और उन्हें विश्लेषण के लिए भेज दिया गया है। इसके अलावा हमलावरों के फिंगरप्रिंट पहचान के लिए राष्ट्रीय डेटाबेस प्राधिकरण को भेजे गए।

# इस साल बांग्लादेश राष्ट्रीय दिवस पर सैन्य परेड नहीं तख्तापलट की अफवाहों के बीच हसीना पर बरसे यूनुस

**ढाका ।** बांग्लादेश के 53वें स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर मंगलवार को राष्ट्रीय टेलीविजन पर प्रसारित संबोधन मे यूनुस ने कहा, अफवाहें जुलाई-अगस्त (2024) के विद्रोह के खिलाफ पराजित ताकतों के बड़े हथियार हैं। उन्होंने कहा कि पिछले वर्षों के विपरीत, इस वर्ष राजधानी में राष्ट्रीय दिवस पर कोई सैन्य परेड नहीं होगी। जिला स्तर पर परेड हमेशा की तरह होगी। सरकार के अंतरिम प्रमुख की चेतावनी- अफवाहें और खतरनाक रूप ले लेंगी यूनुस ने देशवासियों से जागरूकता और अधिक एकता के जरिये अफवाहों का विरोध करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि जैसे-जैसे आगामी चुनाव नजदीक आएंगे, जिसकी तारीख अभी तय नहीं हुई है, अफवाहें और खतरनाक रूप ले लेंगी। आप सभी जानते हैं कि इस घटना के पीछे कौन लोग हैं और वे इन अफवाहों का नेतृत्व क्यों कर रहे हैं। **हम युद्ध की स्थिति में हैं, विद्रोह को विफल करने का आह्वान :** उन्होंने लोगों से कहा कि जब भी वे ऐसी कोई भ्रामक अफवाह सुनें तो उसे अनदेखा करने के बजाय अफवाह के स्रोत की तलाश करें। उन्होंने आगे कहा कि कई अनुभवी युद्ध विशेषज्ञ इन अफवाहों के पीछे असीमित धन खर्च करते हुए। चौबीसों घंटे काम कर रहे हैं और उनका मुख्य उद्देश्य जुलाई के विद्रोह को विफल करना है। वे हमारी एकता को तोड़ना चाहते हैं। हमेशा ध्यान रखें कि हम युद्ध की स्थिति में हैं।





**बांग्लादेश के मुख्य सलाहकार मुहम्मद यूनुस ने अंतरिम सरकार के खिलाफ सेना के तख्तापलट की खबरों को अफवाह बताया।**

अफवाहों और गलत सूचनाओं के प्रसार को रोकने के लिए संयुक्त राष्ट्र से सहयोग की अपील

यूनुस ने किसी विशेष अफवाह का उल्लेख नहीं किया। हालांकि, उन्होंने कहा कि उनके प्रशासन ने अफवाहों और गलत सूचनाओं के प्रसार को रोकने के लिए संयुक्त राष्ट्र से सहयोग मांगा है।

# विपक्षी नेताओं को ईडी का दफ्तर दिखाने वाले संजय मिश्रा के कार्यकाल पर मची थी रार

**कर्नाटक ।** ईडी के पूर्व निदेशक संजय कुमार मिश्रा को प्रधानमंत्री की आर्थिक सलाहकार परिषद का पूर्णकालिक सदस्य नियुक्त किया गया है। सर्वोच्च अदालत की टिप्पणियों पर खुशी जाहिर करने वाले विपक्षी नेताओं को केंद्रीय गृह मंत्री शाह ने जवाब देते हुए कहा था कि सुप्रीम कोर्ट के फैसले पर खुशी मना रहे लोग विभिन्न कारणों से 'भ्रम' में हैं।

मिश्रा के कार्यकाल के दौरान कांग्रेस नेता सोनिया गांधी, राहुल गांधी, पूर्व वित्त मंत्री पी.चिदंबरम, मल्लिकार्जुन खरगे, पूर्व केंद्रीय मंत्री पवन बंसल, झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, कर्नाटक के डिप्टी सीएम डी.के. शिवकुमार, राकांपा संस्थापक शरद पवार, महाराष्ट्र के पूर्व गृह मंत्री अनिल देशमुख, जम्मू कश्मीर के पूर्व सीएम फारूक अब्दुल्ला, उमर अब्दुल्ला और महबूबा मुफ्ती सहित कई बड़े नेताओं को प्रवर्तन निदेशालय की पूछताछ का सामना करना पड़ा था।



बता दें कि प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के निदेशक संजय कुमार मिश्रा का कार्यकाल 15 सितंबर 2023 को समाप्त हो गया था।

चार बार सेवा विस्तार लेने वाले मिश्रा को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने अपने एक फैसले में साफ कर दिया था कि वे किसी भी सूरत में 15 सितंबर के बाद अपने पद पर नहीं रहेंगे। 'विपक्ष' के टॉप लीडर्स, 'ईडी' के पूर्व निदेशक मिश्रा को भुला नहीं सकेंगे। वजह, दर्जनों नेताओं को विभिन्न मामलों में पूछताछ के लिए ईडी दफ्तरों के चक्कर काटने पड़े थे।

**शीर्ष विपक्षी नेताओं को ईडी का दफ्तर दिखाने वाले मिश्रा के कार्यकाल को लेकर खूब रार मची थी। यहां तक कि उनके सेवा विस्तार से जुड़ा मामला सुप्रीम कोर्ट भी पहुंच गया था। चार बार सेवा विस्तार लेने वाले मिश्रा को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने अपने एक फैसले में तीखी टिप्पणी करते हुए कहा था वे किसी भी सूरत में 15 सितंबर 2023 के बाद अपने पद पर नहीं रहेंगे**

# 35 साल से अमेरिका में रह रहे दंपति कोलंबिया निर्वासित, बच्चे हैरान-परेशान मांग रहे मदद

**वॉशिंगटन ।** अमेरिका में डोनाल्ड ट्रंप सरकार अवैध अप्रवासियों पर सख्ती बरतते हुए उन्हें निर्वासित कर रही है। अब ट्रंप प्रशासन ने एक ऐसे दंपति को उनके मूल देश कोलंबिया निर्वासित कर दिया है, जो बीते 35 वर्षों से अमेरिका में रह रहे थे। दंपति के बच्चे अमेरिका में ही छूट गए हैं क्योंकि वे अमेरिकी नागरिक हैं।

मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, दंपति अवैध तरीके से अमेरिका में रह रहे थे और उन्हें काफी कोशिशों के बाद भी अमेरिका की नागरिकता नहीं मिल सकी थी। बीती 21 फरवरी को दंपति एक रुटीन जांच के लिए यूएस इमीग्रेशन कस्टम्स एंड एनफोर्समेंट के दफ्तर पहुंचे थे। इसके बाद करीब तीन हफ्ते पहले उन्हें हिरासत में ले लिया गया और कुछ दिन हिरासत में रखने के बाद बीती 18 मार्च को उन्हें कोलंबिया निर्वासित कर दिया गया। दंपति की पहचान गलैडिस गोंजालेंज (55 वर्षीय) और नेलसन गोंजालेज (59 वर्षीय) के रूप में हुई है। दंपति के बच्चे अमेरिका में मौजूद दंपति को निर्वासित किए जाने के बाद उनके परिजन परेशान हैं। दंपति की तीन बेटियां हैं और तीनों अमेरिका की नागरिक हैं। एक बेटी स्टेफनी गोंजालेज ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि उसके माता-पिता बीते महीने सेंटा एना इलाके में स्थित इमीग्रेशन अदालत पहुंचे थे और वे ऐसा साल 2000 से कर रहे थे। दंपति की बेटियों का कहना है कि उनके माता-पिता कानून का पालन करने वाले लोग थे और उन्होंने कभी कानून नहीं तोड़ा था। करीब चार दशकों तक उन्होंने यहां अपना परिवार बनाया और अब अचानक से उनके निर्वासन से हम हैरान परेशान हैं। बेटी ने कहा कि उसके माता-पिता बेहद दयालु और निस्वार्थ लोग थे, जो अपने से पहले दूसरों का ध्यान रखते थे। गौरतलब है कि राष्ट्रपति ट्रंप के सत्ता पर काबिज होने के बाद से अमेरिका में रह रहे अवैध अप्रवासियों को निर्वासित किया जा रहा है। इसके तहत हजारों लोगों को अभी तक अमेरिका से निर्वासित किया जा चुका है।



# भारतीय मूल के जय भट्टाचार्य बने एनआईएच के निदेशक, सीनेट ने नियुक्ति पर लगाई मुहर

**वॉशिंगटन ।** अमेरिकी सीनेट ने जय भट्टाचार्य को नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ हेल्थ (एनआईएच) का निदेशक बनाने को अपनी मंजूरी दे दी है। मंगलवार को इसे लेकर सीनेट में मतदान हुआ और जय भट्टाचार्य 53-47 वोटों से जीत गए। इसके साथ ही डोनाल्ड ट्रंप ने जो उनकी एनआईएच पद पर नियुक्ति की थी, उस पर भी अंतिम मुहर लग गई। अमेरिका के स्वास्थ्य मंत्री रॉबर्ट एफ केनेडी ने भी जय भट्टाचार्य के नाम को मंजूरी मिलने पर खुशी जताई।




### स्वास्थ्य और रिसर्च क्षेत्र का बड़ा नाम

जय भट्टाचार्य स्टैनफोर्ड यूनिवर्सिटी में हेल्थ पॉलिसी के प्रोफेसर हैं। साथ ही वे नेशनल ब्यूरो ऑफ इकोनॉमिक रिसर्च में रिसर्च एसोसिएट और स्टैनफोर्ड इंस्टीट्यूट ऑफ इकोनॉमिक पॉलिसी रिसर्च, स्टैनफोर्ड फ्रीमैन स्पोग्ली इंस्टीट्यूट और हूवर इंस्टीट्यूट में सीनियर फेलो के पद पर तैनात हैं। जय भट्टाचार्य स्टैनफोर्ड सेंटर फॉर डेमोग्राफी एंड इकोनॉमिक्स ऑफ हेल्थ एंड एजिंग का भी नेतृत्व करते हैं। जय भट्टाचार्य ग्रेट बेरिंगटन डिक्लेयरेशन के भी सह-लेखक हैं, इसमें जय भट्टाचार्य ने अक्तूबर 2020 में कोरोना महामारी के समय लगाए गए लॉकडाउन का विकल्प बताया था। जय भट्टाचार्य के अर्थव्यवस्था, कानूनी, मेडिकल, सार्वजनिक स्वास्थ्य और स्वास्थ्य नीतियों को लेकर जर्नल भी छप चुके हैं।

ये भी पढ़ें- वरअः 35 साल से अमेरिका में रह रहे दंपति कोलंबिया निर्वासित, बच्चे हैरान-परेशान मांग रहे मदद कोरोना महामारी में की थी लॉकडाउन की आलोचना जय भट्टाचार्य का नाम उस समय चर्चा में आया था जब उन्होंने कोरोना महामारी के दौरान सरकार के लॉकडाउन लगाने, मास्क पहनने और कोरोना वैक्सीन का बूस्टर डोज लगाने का विरोध किया था। उनका कहना था कि लॉकडाउन का लोगों के शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य पर असर पड़ेगा। इस वजह से भट्टाचार्य को आलोचनाओं का सामना भी करना पड़ा। उनके आलोचकों में डॉक्टर फ्रांसिस कॉलिंस भी शामिल हैं, डॉक्टर कॉलिंस उसी एनआईएच के पूर्व निदेशक हैं, जिसके लिए भट्टाचार्य को नियुक्त किया गया है। कोरोना से निपटने के तरीको को लेकर भट्टाचार्य जो बाइडन सरकार के मुखर आलोचक रहे। इसे लेकर उन्होंने कुछ लोगों के साथ मिलकर सुप्रीम कोर्ट में याचिका भी दायर की थी। भट्टाचार्य की दलील थी कि बाइडन प्रसाशन सोशल मीडिया पर कोविड-19 को लेकर रूढ़िवादी विचारों को गलत तरीके से दबा रहा है।

# पाकिस्तान के सेना प्रमुख पर प्रतिबंध लगा सकता है अमेरिका, संसद में विधेयक पेश, कई सांसदों का समर्थन

**वॉशिंगटन ।** अमेरिका, पाकिस्तान के सेना प्रमुख पर प्रतिबंध लगा सकता है। इसे लेकर अमेरिका की संसद में एक विधेयक पेश किया गया है, जिसमें पाकिस्तानी सेना के प्रमुख जनरल आसिम मुनीर पर राजनीतिक विरोधियों का दमन करने का आरोप लगाते हुए प्रतिबंध लगाने की मांग की गई है। इस विधेयक में पाकिस्तान के पूर्व पीएम इमरान खान को जेल से रिहा करने की भी मांग की गई है।

**विधेयक पारित हुआ तो अमेरिका में दाखिल नहीं हो सकेंगे पाकिस्तानी सेना प्रमुख :** मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, अमेरिका के दक्षिण कैरोलिना से रिपब्लिकन सांसद जो विल्सन और कैलिफोर्निया के डेमोक्रेटिक सांसद जिमी पनेटा ने सोमवार को संसद में 'पाकिस्तान डेमोक्रेसी एक्ट' नामक विधेयक पेश किया। इस द्विदलीय विधेयक में आरोप लगाया गया है कि जनरल आसिम मुनीर जानबूझकर राजनीतिक विरोधियों के दमन और उन्हें कैद करने में शामिल हैं। इस विधेयक में पाकिस्तानी सेना प्रमुख पर प्रतिबंध लगाने की मांग की गई है। जिसके बाद पाकिस्तानी सेना प्रमुख अमेरिका में दाखिल नहीं हो सकेंगे और साथ ही उनकी अमेरिका में स्थित संपत्ति को भी जब्त कर लिया जाएगा। इस विधेयक में पाकिस्तानी सेना प्रमुख के साथ ही कई अन्य लोगों पर भी प्रतिबंध लगाने की मांग की गई है।



### इमरान खान को रिहा करने की मांग

विधेयक पेश करने वाले जो विल्सन ने पूर्व पीएम इमरान खान को राजनीतिक कैद में रखने का आरोप लगाया और इसके लिए पाकिस्तान की सेना को जिम्मेदार ठहराया। इमरान खान कई मामलों में दोषी पाए जाने के बाद जेल की सजा काट रहे हैं। इमरान खान को अगस्त 2023 में गिरफ्तार किया गया था और फिलहाल वे रावलपिंडी की उच्च सुरक्षा वाली अडियाला जेल में बंद हैं। इमरान खान की पार्टी के अनुसार, पूर्व पीएम के खिलाफ 200 से ज्यादा मामले दर्ज किए गए हैं, जिनमें से कुछ में उन्हें दोषी भी करार दिया गया है। विल्सन ने इस मामले में राष्ट्रपति ट्रंप को पत्र लिखकर पाकिस्तान की सेना पर दबाव बनाने की भी अपील की। साथ ही इमरान खान को रिहा करने की मांग की गई है।

गौरतलब है कि इस विधेयक को रो खन्ना और इल्हान उमर जैसे करीब 10 सांसदों ने समर्थन दिया है। अगर यह विधेयक पारित हो जाता है तो इससे न सिर्फ पाकिस्तान के सेना प्रमुख के साथ ही पाकिस्तान की सरकार की भी परेशानी बढ़ जाएगी।

# सरकार की 8 साल की उपलब्धियों का खोड़ा नगरपालिका में त्रिदिवसीय मेला आयोजित

## सरकार की सभी जन कल्याणकारी योजनाओं की दी गई जानकारी





साहिबाबाद (करंट क्राइम)। खोड़ा के नगरपालिका परिषद द्वारा में प्रदेश सरकार के सेवा, सुरक्षा व सुशासन के 8 वर्ष पूर्ण होने पर त्रिदिवसीय प्रदर्शनी मेले का आयोजन किया गया। मेले में सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं और परियोजनाओं को प्रदर्शित किया गया।

खोड़ा नगर पालिका चेयरमैन मोहिनी शर्मा नगर पालिका अधिशासी अधिकारी अभिषेक कुमार ने बताया कि सरकार का 8 साल बेमिसाल रहे हैं। उन्होंने प्रमुख योजनाओं का जिक्र किया। इनमें प्रधानमंत्री आवास योजना, पेंशन योजना, सड़क निर्माण कार्य शामिल हैं। साथ ही नगर के सफाई, पार्कों का निर्माण, विधवा-वृद्धा पेंशन और मुफ्त राशन वितरण जैसी योजनाएं भी प्रमुख रहीं। में हुए विकास कार्यों की जानकारी दी सरकार की विभिन्न योजनाओं और विकास कार्यों को लोगों के सामने रखा। कार्यक्रम में नगर पालिका खोड़ा एसडीएम अरुण दीक्षित, कनिष्ठ लिपिक मनोज कर, अधीक्षक सुशील कुमार, अवर अभियंता जल कल नवनीत गुप्ता, कंप्यूटर ऑपरेटर वीरेंद्र सिंह और अभियंता सिविल अनुज गोयल, दिव्याकांत अग्रवाल, दीक्षा चौहान, डॉ अलका, अर्चना राय सहित खोड़ा पालिका पूरा स्टाफ और सभी सभासद मौजूद रहे।

अधिशासी अधिकारी अभिषेक कुमार ने बताया कि नगर पालिका परिषद खोड़ा मकनपुर में जिस मैदान में कार्यक्रम का आयोजन किया गया है वह डंपिंग ग्राउंड, व कूड़े का पहाड़ बना हुआ था, जिसको पालिका द्वारा साफ कर दिया गया। अब इस मैदान पर कार्यक्रमों का आयोजन किये जा रहे हैं।

### चेयरमैन मोहिनी शर्मा ने नागर पालिका प्रशासन की सराहना की

करंट क्राइम। चेयरमैन मोहिनी शर्मा ने कहा कि खोड़ा और इंदिरापुरम के निवासियों के लिए बड़ी राहत की बात है कि अब यह इलाका स्वच्छ और सुंदर बन चुका है। नगर पालिका प्रशासन का इस पहल के लिए धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि यह डंपिंग ग्राउंड सालों से एक बड़ी समस्या बना हुआ था, जिससे दुगंध, बीमारियाँ और गंदगी फैल रही थी। लेकिन अब इस स्थान को साफ-सुथरा और उपयोगी बनाने की दिशा में बड़ा कदम उठाया गया है। स्वच्छता अभियान को मिली नई दिशा। नगर पालिका द्वारा यह कदम स्वच्छ भारत मिशन को आगे बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि माना जा रहा है।

## बुलन्दशहर सभागार में दिनेश कुमार गोयल ने सुनी जन समस्याएं

# विद्युत उपभोक्ता बेहिचक अपनी समस्या लेकर आएं, तुरंत किया जाएगा समाधान : सभापति




**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** दिनेश कुमार गोयल, सभापति प्रदेशीय विद्युत व्यवस्था संबंधी जांच समिति की अध्यक्षता में बुधवार को बुलन्दशहर मुख्यालय पर समिति के सदस्यों के साथ व श्रुति जिलाधिकारी बुलन्दशहर एवं अन्य विद्युत विभाग के उच्चाधिकारियों के साथ मिलकर जनपद बुलन्दशहर, गौतमबुद्धनगर, नोएडा के विधुत विभाग से सम्बन्धी शिकायतों का निराकरण कराया गया। इसमें बुलन्दशहर, गौतमबुद्धनगर, नोएडा जिले की समस्याएं जैसे विद्युत पोल हटवाये जाने, एल0ई0टी0लाईन बदलवाये जाने, लॉ बोल्टेज, अधिक विद्युत बिलो मे त्रुटि, जैसी समस्याएं उपभोक्ताओं ने की। उनके त्वरित निस्तारण हेतु दिशा निर्देश दिए गए।

साथ ही सभापति दिनेश गोयल द्वारा विद्युत विभाग को निर्देशित किया कि किसी भी उपभोक्ता को बेवजह परेशान न किया जाए। किसी भी उपभोक्ता का उत्पीडन बरदास्त नहीं किया जाएगा इसके लिए उन्होंने सख्त निर्देश दिए। इस मौके पर पार्टीकर्ताओं द्वारा सभापति दिनेश कुमार गोयल का भव्य स्वागत किया गया। सभापति दिनेश कुमार गोयल ने कहा की कोई भी व्यक्ति यदि विद्युत विभाग द्वारा उसका उत्पीड़न किया जाता है तो वह कभी भी मेरे कार्यालय में आकर मिल सकता है उसकी समस्या का तुरन्त समाधान कराया जाएगा।

इस मीटिग के दौरान सभापति दिनेश कुमार गोयल के साथ विजय बहादुर पाठक, अश्विनी त्यागी सदस्यगण विधान परिषद रतनपाल सिंह व विधुत विभाग से सम्बन्धित सभी उच्चाधिकारी मौजूद रहे।

## संजीव शर्मा विधायक सदर ने किया 'उत्कर्ष के 8 वर्ष' मेला व प्रदर्शनी का दृश्यावलोकन

# सभी जनपदवासियों का प्रदर्शनी में स्वागत है : संजीव शर्मा








**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** जिला प्रशासन गाजियाबाद द्वारा उत्तर प्रदेश सरकार की "सेवा, सुरक्षा व सुशासन नीति" के 8 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में "उत्कर्ष के 8 वर्ष" थीम पर कविनगर रामलीला मैदान में "मेला व प्रदर्शनी" के द्वितीय दिवस के पूर्वाह्न कार्यक्रम में मुख्य अतिथि संजीव शर्मा विधायक सदर द्वारा जनपद के विभिन्न विभागों द्वारा कराये गये विकास कार्यो की प्रदर्शनी/स्टालों का दृश्यावलोकन किया गया। मुख्य अतिथि संजीव शर्मा विधायक सदर सहित अन्य गणमान्य अतिथियों के आगमन पर पुष्प गुच्छ भेंट कर मुख्य विकास अधिकारी अभिनव गोपाल सहित जिला प्रशासन के अधिकारियों द्वारा स्वागत किया गया। कार्यक्रम के दौरान खाद्य एवं आपूर्ति विभाग, समाज कल्याण विभाग, श्रम विभाग सहित अन्य विभागों द्वारा अपने-अपने विभागों में संचालित योजनाओं के संचालन एवं क्रियान्वयन का मंच के माध्यम से उपस्थित गणमान्यों को संक्षिप्त विवरण दिया गया। कहा कि केन्द्र एवं राज्य सरकार द्वारा संचालित योजनाओं के विस्तृत विवरण की प्रगति रिर्पोट की पुस्तकें सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग सहित सम्बंधित विभागों के स्टॉल पर उपलब्ध हैं। कृप्या योजनाओं की जानकारी व लाभ प्राप्त करने के लिए स्टॉल से पुस्तकें व ब्रोशर प्राप्त करें। साथ ही योजनाओं का लाभ प्राप्त करने के लिए उक्त योजना से सम्बंधित स्टॉलों के माध्यम से आवेदन भी कर सकते हैं। विधायक संजीव शर्मा ने अपने सम्बोधन में कहा कि जिला प्रशासन गाजियाबाद द्वारा उत्तर प्रदेश सरकार की "सेवा, सुरक्षा व सुशासन नीति" के 8 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में "उत्कर्ष के 8 वर्ष" थीम पर "मेला व प्रदर्शनी" का भव्य आयोजन किया गया है, जिसमें सभी जनपदवासियों सहित अन्य सभी गणमान्यों का स्वागत है। डबल इंजन की सरकार ने लोक कल्याणकारी योजना संचालित कर, उन्हें शत-प्रतिशत धरातल पर उतारने का कार्य कर रही है। कार्यक्रम के दौरान हजारों की संख्या में गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# पार्षद धीरज अग्रवाल ने किया सड़क निर्माण कार्य का उद्घाटन



**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** इंदिरापुरम के वार्ड 81 के पार्षद धीरज अग्रवाल ने बुधवार को सड़क निर्माण कार्य का उद्घाटन किया। पार्षद धीरज अग्रवाल ने बताया कि वार्ड में विकास कार्यों की नई शुरूआत हो गई है। आगामी वित्तीय वर्ष में वार्ड में व्यापक स्तर पर विकास कार्य सुनिश्चित करने के संकल्प के तहत पार्षद निधि से यह सड़कों के निर्माण कार्य का किए जा रहे है। पार्षद धीरज अग्रवाल ने कहा, वार्ड 81 के सर्वांगीण विकास के लिए हम पूरी प्रतिबद्धता से कार्य कर रहे हैं। आने वाले समय में वार्ड में विकास की गति और तेज होगी, जिससे क्षेत्रवासियों को बेहतर बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराई जा सकेंगी। सब का साथ सब का विकास की नीति पर भाजपा सरकार कार्य करती है। इस अवसर पर नूपुर अग्रवाल पार्षद प्रतिनिधि प्रयाम सक्सैना, सोशल मीडिया संयोजक इंदिरापुरम मंडल धीरज शर्मा, दिनेश अधिकारी, पीयूष नरुला, सुरेंद्र सूरी आदि लोग उपस्थित रहे। इस मौके पर सभी लोगों ने पार्षद धीरज अग्रवाल की इस पहल की सराहना की और वार्ड के निरंतर विकास के लिए आभर व्यक्त किया।

# सेवा सुरक्षा व सुशासन के 8 वर्ष पूर्ण होने पर गाजियाबाद में आयोजित भव्य महोत्सव

## महोत्सव के दूसरे दिन सफल रहा आयोजन, नगर आयुक्त ने व्यवस्था में अधिकारियों की लगाई ड्यूटी



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** उत्तर प्रदेश सरकार की 'सेवा, सुरक्षा व सुशासन' नीति के 8 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में 'उत्कर्ष के 8 वर्ष थीम' पर जिला प्रशासन, गाजियाबाद के सौजन्य से तीन दिवसीय मेला व प्रदर्शनी का आयोजन रामलीला मैदान, कविनगर गाजियाबाद में आयोजित किया जा रहा है। जिसमें विभिन्न राजकीय विभागों के साथ उपाध्यक्ष महोदय के निर्देश पर इस प्रदर्शनी में गाजियाबाद विकास प्राधिकरण, का भी स्टाल लगाया गया है।

स्थल पर प्राधिकरण द्वारा विगत वर्षो में कराये गये विकास कार्यो का बैनर, पोस्टर एवं एल0सी0डी0 के माध्यम से जन सामान्य के अवलोकनार्थ एवं जानकारी हेतु लगवाये गये है। जिसमें प्राधिकरण द्वारा शहर के विभिन्न स्थलों पर निर्मित फ्लाई ओवर, मेट्रो रेल, रैपिड रेल, एलीवेटेड रोड़, मधुबन बापूधाम में रेलवे ओवर ब्रिज, निमार्णाधीन बुनकर मार्ट व एक्सपो सेन्टर, प्राधिकरण का निमार्णाधीन नवीन कार्यालय, प्रधानमंत्री आवास योजना के 3496 भवन प्रस्तावित हरनन्दीपुरम आवासीय योजना, प्रस्तावित रामायण थीम पार्क, प्रॉपर्टी मैनेजमेन्ट सिस्टम, ई-ऑफिस प्रणाली लागू किये जाने सहित अनेक विकास कार्यो से सम्बन्धित पोस्टर एवं बैनर लगाकर एवं एल0सी0डी0 पर प्रसारित कराकर व्यापक रूप से प्रचार प्रसार कराया जा रहा है।

### प्राधिकरण की योजनाओं की दी गई विस्तृत जानकारी



करंट क्राइम। उक्त प्रदर्शनी में बुधवार को जसवंत सैनी, राज्यमंत्री, संसदीय कार्य एवं औद्योगिक विकास उ0 प्र0 सरकार के साथ धर्मेश तोमर, विधायक, डा0 मंजू शिवाच, विधायक एवं अन्य के द्वारा निरीक्षण किया गया तथा प्राधिकरण की योजनाओं आदि की विस्तृत रूप से जानकारी भी प्राप्त की गयी। इसके अतिरिक्त प्राधिकरण के स्टाल पर आने वाले आगन्तुकों को प्राधिकरण की योजनाओं आदि से सम्बन्धित जानकारी दिये जाने हेतु भिन्न अधिकारी/कर्मचारीगण स्टाल पर सहयोग हेतु तैनात किये गये है। प्राधिकरण के स्टाल का समय-समय पर उपाध्यक्ष महोदय, सचिव महोदय, अपर सचिव, विशेषकार्याधिकारी एवं अन्य उच्चाधिकारियों द्वारा भी निरीक्षण किया जा रहा है।

# पार्षद हिमांशु शर्मा के साथ लोगों ने किया पुलिस को सम्मानित



**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** लाजपत नगर में पिछले तीन वर्षो से वेश्यावृत्ति धंधा तस्लीम नामक युवक द्वारा संचालित किया जा रहा था। जिससे समाज में एक दूषित वातावरण का माहौल बनता जा रहा था। पुलिस ने वेश्यावृत्ति के धंधे का पदार्फाश करके एक महिला दो ग्राहक और संचालन तस्लीम को जेल भेजने का जो सराहनीय काम किया गया। इस को लेकर लाजपत नगर के पार्षद हिमांशु व क्षेत्र की जनता ने बुधवार को एसीपी श्वेता यादव व थाना प्रभारी योगेंद्र सिंह व शनि चौक उप निरीक्षक धर्मवीर सिंह कांस्टेबल प्रभात सिरोही के संयुक्त आभार व्यक्त किया।

पार्षद हिमांशु शर्मा के कहा कि क्षेत्र में दूषित वातावरण का माहौल बनता हुआ था। नाबालिक और गरीब परिवार की महिलाओं को इसमें शिकार बनाया जा रहा था। एसीपी श्वेता यादव की सूझबूझ से इस वेश्यावृत्ति के धंधे का पदार्फाश करके एक महिला दो ग्राहक और संचालन तस्लीम को जेल भेजने का जो सराहनीय काम किया गया। उसके लिए लाजपत नगर की जनता आपका हृदय से आभार व्यक्त करती है। इस अवसर पर प्रशांत पटेल, मोहित शर्मा, उमेश गुप्ता, अलाउद्दीन खान, सुरेश कसाना, रविंद्र भाटी, अनु भगत, मनोज चंदेल शम्मी खान आदि लोग मौजूद रहे।


# हजारों सनातनी भक्तों के नवरात्र में प्रतिदिन होगा फलाहार



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** गाजियाबाद संजय नगर हनुमान मंदिर में परमार्थ सेवा ट्रस्ट द्वारा सनातनियों भक्तों को व्रत का संपूर्ण फलाहार प्रदान किया जायेगा। संस्था के अध्यक्ष वीके अग्रवाल ने बताया कि यह महोत्सव सनातनी भक्तों के साथ सभी जातियों को सम्मिलित करने का उद्देश्य विभिन्न जाति धर्म के लोगों को एक साथ एक मंच पर लाना है। सार्वजनिक फलाहार के परंपरा शुरू करने का उद्देश्य परिवार मित्रों सगे संबंधियों के साथ मिलकर फलाहार करना सामाजिक प्रेम स्नेह को मजबूत करता है। नवरात्रि के व्रत में फलाहार कराना एक धार्मिक और सांस्कृतिक परंपरा को बनाये रखने में इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य है।

इस अवसर पर संयोजक रामअवतार जिंदल, पवन जिंदल, मुख्य ट्रस्टी हनुमान मंगलमय परिवार, देवेंद्र हितकारी वरिष्ठ समाजसेवी, अरुण त्यागी वरिष्ठ समाजसेवी, तथा मुख्य सहयोगी संस्थाये हनुमान मंदिर सेवा ट्रस्ट, संजय नगर आवासीय कल्याण परिषद, व्यापार मंडल संजय नगर गाजियाबाद, डॉ हरीश शर्मा ,डॉ नीरज गर्ग,हरिओम त्यागी बबली, सुरेंद्र त्यागी कोषाध्यक्ष, शिवकुमार शर्मा महामंत्री प्रदीप गर्ग चेयरमैन ,विपिन गोयल अध्यक्ष, आदि मौजूद थे।

### 30 सफाई मित्रों की टीम ने कवि नगर में आयोजित कार्यक्रम में संभाली सफाई व्यवस्था



करंट क्राइम। नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर मिथिलेश द्वारा बताया गया कि गाजियाबाद नगर निगम स्वास्थ्य विभाग द्वारा नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक के निर्देश अनुसार 30 सफाई मित्रों की टीम अलग से सफाई व्यवस्था के लिए लगाई गई है जो की प्रातः और रात्रि में लगी हुई है। इसके अलावा 50 डस्टबिन तथा चार मोबाइल टॉयलेट भी लगाए गए हैं नियमित फॉगिंग का कार्य भी कार्यक्रम में विशेष रूप से कराया जा रहा है।

# पार्षद राधेश्याम त्यागी का अथक प्रयास आया काम, मकनपुर तालाब का जीर्णोद्धार कार्य आरंभ




**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** पार्षद राधेश्याम त्यागी के अथक प्रयास से मकनपुर तालाव फिर से जीवित होगा। रखरखाव के अभाव में कूड़ेघर में तब्दील हो चुके इस तालाव के जीर्णोद्धार का कार्य इंटरनैशनल टोवैको कंपनी कर रही है। जब बुधवार को पार्षद राधेश्याम त्यागी से बात की गई तो उन्होंने बताया कि कंपनी तालाब की पूरी सफाई के साथ ही इसका सौदर्याकरण का कार्य भी हो गया है। तालाब के पास ही फिल्ट्रेशन रूम का निर्माण, तारवंदी और फुटपाथ ट्रैक भी बनाया जा रहा है। लोगों यहां आकर सैर कर सकें, इसके लिए तालाव के किनारे पौधे, घास के साथ ही बैठने के लिए वेंच लगवाई जाएंगी। इसके अलावा तालाव के पुनर्जीवित होने से क्षेत्र में पानी का स्तर भी बेहतर होने की उम्मीद है।

सफाई के साथ ही इसका सौंदर्याकरण का कार्य जोरो पर किया जा रहा है। मदन शर्मा का कहना है कि अव उन्हें कचरे से मुक्ति मिली है, रखरखाव के अभाव में तालाव में गंदगी और मच्छर पनप रहे थे। वहीं सफाई न होने से लोग यहां कूड़ा डालने लगे थे। तालाव में गंदगी इतनी हो गई है कि जलकुंभी और कूड़े के अलावा कुछ दिखता ही नहीं। इस कारण वारिश का पानी भी तालाव में नहीं जा पाता है। अब लगया है कि किसी भी स्विमिंग पूल से काम नहीं है। पार्षद राधेश्याम त्यागी ने बताया कि तालाब का सौंदर्य कारण अप्रैल तक पूरा हो जाएगा इस के साथ ही फिल्ट्रेशन रूम, तारबंदी, फुटपाथ ट्रैक, पौधे और लगाई जाएगी बैठने के लिए बेंच का कार्य भी पूरा हो जाएगा। जिसे तालाब के पुनर्जीवित होने से बढ़ेगा भूजल का स्तर बढेगा। उन्होंने कहा कि उन की कोशिश करेंगे एक छोटा एसटीपी प्लांट भी लगाया जाए। जिससे वार्ड में सीवर की समस्या उत्पन्न हो।

# मोदीनगर में भू-माफियाओं पर जीडीए ने कसा शिकंजा




**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** जीडीए उपाध्यक्ष के अवैध निर्माण पर कार्रवाई किये जाने के निर्देशों के क्रम में बुधवार को प्रभारी प्रवर्तन जोन-2 के नेतृत्व में विक्रम सिंह पुत्र स्व० जगमोहन सिंह व विपिन कुमार व संजीव कुमार द्वारा खसरा सं0-835, ग्राम सीकरी खुर्द निकट संजीवनी एस्टेट कॉलोनी, मोदीनगर, गाजियाबाद पर लगभग 10 बीघा क्षेत्रफल में अवैध प्लाटिंग किये जाने हेतु सड़क पर टाईल्स लगाने का कार्य पूर्व में किया जा रहा था एवं विक्रम सिंह पुत्र स्व० जगमोहन सिंह व विपिन कुमार व संजीव गर्ग द्वारा खसरा संख्या-844, 845 व 846, ग्राम सीकरी खुर्द निकट संजीवनी एस्टेट कॉलोनी, मोदीनगर, गाजियाबाद पर लगभग 20 बीघा क्षेत्रफल में अवैध प्लाटिंग किये जाने हेतु सड़क पर टाईल्स लगाने का कार्य पूर्व में किया गया था। उपरोक्त अवैध कालोनियों में कालोनाईजर द्वारा बनायी जा रही सडक, बाउन्ड्रीवॉल, साईट ऑफिस आदि को ध्वस्त कर दिया गया।

ध्वस्तीकरण की कार्रवाई के समय स्थानीय विकासकर्ताओं/निर्माणकर्ताओं द्वारा काफी विरोध किया गया, परन्तु प्राधिकरण पुलिस बल द्वारा उन्हे नियन्त्रित कर ध्वस्तीकरण की कार्रवाई जारी रखी गयी। प्रभारी अधिकारी प्रवर्तन जोन-2 द्वारा लोगों को सख्त निर्देश दिये गये कि बिना अनुमति किये गये किसी भी निर्माण को बक्शा नहीं जायेगा। उपरोक्त अनाधिकृत रूप से विकसित की जा रही अनाधिकृत कालोनियों के विरुद्ध सहायक अभियन्ता व अवर अभियन्ता एवं प्रवर्तन जोन-2 के समस्त स्टाफ, प्राधिकरण पुलिस बल व प्राधिकरण प्रवर्तन दस्ते की उपस्थिति में ध्वस्तीकरण की कार्रवाई की गई। आगामी माह में भी ध्वस्तीकरण की कार्यवाही किये जाने का अभियान जारी रहेगा।

## दैनिक करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे




गाजियाबाद (करंट क्राइम)। रिश्तों में सम्मान जरूरी है। रिश्ते अहसास और प्रतिष्ठा की बुनियाद पर टिके होते हैं। रिश्तों में एक दूसरे की कद्र से ही काम चलता है। करूण गोयल और प्राची शर्मा ने अपनी पोस्ट के जरिए कुछ इसी तरह का संदेश दिया। रिश्तों के अहासास का एक संदेश देती यह पोस्ट बनी करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे।